नव प्रदेश

www.navpradesh.com

रायपुर, मंगलवार 5 अक्टूबर 2021, शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-234 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ठीक गाना गाया है बिग-बी ने कि- जो है नाम वाला वहीं तो बदनाम है...। शाहरूख खान ने नाम के साथ ही मोटा माल भी कमाया लेकिन उनके बेटे ने अपने काम से उनका नाम मिट्टी में मिला दिया। आर्यन खान एक ड्रग्स पार्टी में शिरकत करते पकड़ा गया। बाप तो गुटखा ही चबाता रहा बेटा ड्रग्स का शौकीन निकला। सही है। ऊंचे लोग ऊंची पसंद। सोने का चम्मच मुंह में लेकर पैदा होने वाले बिगड़े नवाब ड्रग्स नहीं लेंगे तो क्या गोला बिड़ी पिएंगे? डर है कि कही अब फिर हकले को भारत में डर न लगने लगे।

सूर्योदय

उदय : 6:23 प्रात:

अस्त : 6:06 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,897,497,580

भारत: 1,397,354,610

बाजार

सेंसेक्स : 59299.32

निफ्टी: 17691.25

गोल्ड : 46,590 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 60,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.61 प्रति नग

— दिवस —

विश्व शिक्षक दिवस

विश्व शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन आध्यापकों को सामान्य रूप से और कतिपय कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की हुई उस संयुक्त बैठक को याद करने के लिये मनाया जाता है। जिसमें अध्यापकों की स्थिति पर चर्चा हुई थी और इसके लिये सुझाव प्रस्तुत किये गये थे।

37 लाख खर्च के बावजूद छात्रावास भवन अधूरा, फिर भी ले लिया हैंडओवर

■ **13 सालों में बना छात्रावास, हर कमरे में सीपेज, खिड़की दरवाजे भी टूटे, बाउंड्रीवाल भी अधूरा**

यशवंत राजवाड़े

बैकुण्ठपुर/नवप्रदेश। करीब 37 लाख की लागत से बालक छात्रावास भवन बना, जिसे ठेकेदार ने पूर्ण बताकर विभाग को हैंडओवर में दे दिया। पर इस भवन में न तो दरवाजे सही है न ही खिड़कियां। यही नहीं, ठेकेदार ने इस कदर भ्रष्टाचार किया कि हर कमरे में सीपेज हो रही। वहीं बाउंड्रीवाल का भी काम पूरा नहीं हुआ है। बावजूद इसके विभाग ने ठेकेदार से छात्रावास भवन हैंडओवर ले लिया और अब इसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। इतनी बड़ी बजट की बिल्डिंग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने का मामला छत्तीसगढ़ के बैकुंठपुर जिले के मनेंद्रगढ़ ब्लॉक अंतर्गत कछोड़ का है।

केंद्र व राज्य सरकार पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आश्रम खोले गए व हॉस्टल की स्थापना की जा रही है। सरकार का मकसद है कि पिछड़े क्षेत्रों में अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग से नीचे जीवन यापन करने वाले बालक-बालिकाओं को स्कूल में बनाए रखने की योजना है ताकि बच्चों को किसी भी वजह से शिक्षा से वंचित न होना पड़े। इसकी वजह से जिले के विभिन जगहों में छात्रावास भवन बनाए गए व जिन हिस्सों में भवन नहीं हैं उन क्षेत्रों में भी स्वीकृति व निर्माण कार्य चल रहा है किन्तु कुछ छात्रावास आज भी ऐसे है जो कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ऐसे ही एक भवन है मनेन्द्रगढ़ विकासखंड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन समस्याओं से जूझ रहे छात्र :

आदिवासी विकास विभाग के अफसरों की लापरवाही की वजह से अब छात्र कई परेशानियों से जूझ रहे। दरअसल, ठेकेदार ने इस भवन निर्माण के लिए इतना घोलमाल किया कि अब सब तरफ परेशानी ही परेशानी है। बता दें कि नए भवन में छात्र पहुंचे तो हर कमरे में सीपेज होना पाया, कुछ दरवाजे व खिड़की भी टूटी हुई थी। इसके अलावा पर्याप्त पानी की सुविधा भी नहीं है। छात्रावास में एक बोर खनन कराया गया है, लेकिन बमुश्किल 15 मिनट ही चल रहा। जिससे छात्रावास के छात्रों को नहाने व निस्तारी के लिए बाहर से पानी लाने की मजबूरी है। कई कमरों में पंखें तक नहीं लगे है। बाउंड्रीवाल भी अधूरा है जिससे रात्रि में जंगली जानवरों का भय बना रहता है।

असुविधा की वजह से घटी छात्रों की संख्या :

छात्रावास जब शुरु हुआ तो 50 बच्चे यहां ठहर कर अपनी पढ़ाई कर रहे थे। लेकिन भवन पुराने हो जाने व सुविधाओं के अभाव के कारण बच्चों की संख्या वर्ष दर वर्ष घटती गई जिससे वर्तमान में जुलाई से इस नए भवन में लगभग 30 बच्चें ही रहकर पढ़ाई कर रहे। जिस तरह से यहां अव्यवस्था बनी हुई है उसको देखते हुए छात्र यहां एडमिशन लेने व रूकने के लिए हिचक रहे।

लखीमपुर घटना पर दिल्ली में सीएम भूपेश की तल्खी-

भाजपा और योगी सरकार लाशों पर कर रही राजनीति

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करें: सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार सुबह 9 बजे लखीमपुर के लिए निकलने ही वाले थे कि एयरपोर्ट अथॉरिटी का पत्र उन्हें मिला। जिसमे सीएम भूपेश के विमान को लखनऊ हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति नहीं देने की जानकारी दी गई। जिसके कारण उनका लखीमपुर का दौरा रद्द हो गया है। जिसके बाद उन्होंने दिल्ली की उड़ान भरी और एआईसीसी पहुंचकर प्रेस वार्ता में शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर की घटना पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस किया। भूपेश बघेल ने कहा कि यह आंदोलन तीनों कृषि कानूनों के विरोध में हैं। कई राज्यों में इसके खिलाफ प्रस्ताव पारित किए गए। लेकिन केंद्र सरकार की हठधर्मिता के कारण आज भी किसान आंदोलित हैं। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा किसानों को कहते हैं कि सुधर जाओ वरना सुधार देंगे। सीएम भूपेश ने कहा कि बीजेपी अंग्रेजों से प्रेरित होकर राजनीति कर रही है। अभी तक पीएम मोदी से लेकर भाजपा के किसी भी नेता ने मामले में दुख नहीं जताया है।

किसान विरोधी है भाजपा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि लखीमपुर की घटना से तय हो गया है कि भाजपा को किसान बिल्कुल भी पसंद नहीं है। भाजपा इन्हे दबाने की कोशिश कर रही है। इस घटना के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री अपने बेटे को बचा रहे हैं

जिस प्रकार से केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा का बयान आया कि मेरा बेटा वहां था ही नहीं,ऐसे में मंत्री अपने बेटे को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए साक्ष्य छुपाने के आरोप में उनके खिलाफ में वही धारा लगाना चाहिए। पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे, दुख में सहभागी बनने जा रहे थे, लेकिन हमें रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार किसानों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। किसानों का मुद्दा राजनीतिक नहीं, बल्कि हक का मुद्दा है। इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए।

मृतकों के परिवारों को 45-45 लाख रुपये और सरकारी नौकरी, 4 शर्तों पर हुआ समझौता

लखनऊ/ए.। लखीमपुर हिंसा को लेकर किसानों और अधिकारियों के बीच वार्ता के बाद समझौता हो गया है। सरकार और किसानों के बीच छह दौर की वार्ता के बाद सहमति बन पाई। योगी सरकार ने मृतकों के परिवार को 45 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है। मरने वालों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके साथ ही घायलों को 10 लाख दिए जाएंगे। वहीं घटना की न्यायिक जांच करने का वादा भी किया गया है। यह जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे।

लखीमपुर खीरी में रविवार को हुई हिंसा को पूरे प्रदेश बवाल मचा है। लखनऊ में लखीमपुर जाने से रोकने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। अखिलेश ने कहा कि किसानों पर अंग्रेजों के शासन से भी ज्यादा जुल्म भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के इस्तीफे और किसानों को 2-2 करोड़ का आर्थिक सहायता देने की भी मांग की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

चार शर्तों पर हुआ समझौता

1-घटना की हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज के कराई जाएगी न्यायिक जांच

2-मृतकों के परिवार के एक-एक सदस्य को योग्यता के अनुसार मिलेगी सरकारी नौकरी

3-मृतकों के परिवार को 45-45 लाख और घायलों को 10-10 लाख रुपये मिलेगा मुआवजा

4-जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है, उनके खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने भी पूछा सवाल

लखीमपुर हिंसा की आखिर कौन लेगा जिम्मेदारी?

■ **लखीमपुर खीरी में बवाल के बीच प्रशासन और किसानों के बीच हुआ समझौता**

नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी में कल से शुरू हुआ बवाल अब थमता नजर आ रहा है। प्रशासन के सामने एक ओर चुनौती बवाल पर काबू पाने की थी वहीं दूसरी ओर नेताओं के दौरे को लेकर भी प्रशासन सजग था। किसानों की मांगों को मान लिया गया। किसान नेता राकेश टिकैत और एडीजी लॉ एंड ऑर्डर की मौजूदगी में मीडिया को यह जानकारी दी गई। हालांकि इस पूरे बवाल पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी सख्त टिप्पणी की गई कि आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया कि प्रदर्शनकारी तो दावा करते है कि उनका प्रदर्शन शांतिपूर्ण है लेकिन जब हिंसा होती है तो कोई जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं होता। वहीं दूसरी ओर इस पूरे मामले पर किसान संगठनों की ओर राष्ट्रपति को भी पत्र लिखा गया।

मचे बवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कौन लेगा जिम्मेदारी

लखीमपुर खीरी में मचे बवाल पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी टिप्पणी की गई। सुप्रीम कोर्ट ने इस घटना का जिक्र करते हुए सोमवार कहा कि ऐसी घटनाएं होती हैं तो कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया कि प्रदर्शनकारी तो दावा करते है कि उनका प्रदर्शन शांतिपूर्ण है लेकिन जब हिंसा होती है तो कोई जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं होता। वहीं केंद्र की ओर से कोर्ट में पेश जनरल केके वेणुगोपाल ने कहा कि लखीमपुर खीरी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए किसानों के विरोध प्रदर्शन पर तुरंत रोक लगाने की जरूरत है।

अमेरिका के डेविड जूलियस और एर्डम पेटापोशियन को मेडिसिन का नोबेल

नई दिल्ली/ए.। मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार का ऐलान कर दिया गया है। अमेरिका के डेविड जूलियस और एर्डम पेटापोशियन को वर्ष 2021 के मेडिसिन नोबेल पुरस्कार का साझा विजेता घोषित किया गया है। इन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार शरीर में तापमान व स्पर्श के लिए रिसेप्टर्स की खोज के लिए दिया गया है। पुरस्कार की घोषणा सोमवार को नोबेल समिति के महासचिव थॉमस पर्लमन ने की। नोबेल समिति के पैट्रिक अर्नफोर्स ने कहा कि जूलियस ने नर्व सेंसर की पहचान के लिए मिर्च के सक्रिय घटक कैप्साइसिन की मदद ली। इस नर्व सेंसर से गर्मी पर त्वचा प्रतिक्रिया देती है।

उन्होंने कहा, 'पेटापोशियन ने कोशिकाओं में दबाव और संवेदनशील सेंसर पाए जो मैकेनिकल स्टिमुलेशन पर प्रतिक्रिया देते हैं।' पर्लमन ने कहा, 'इन रिसर्च से वाकई प्रकृति का एक बड़ा रहस्य उजागर हुआ है। यह खोज हमारे अस्तित्व के लिए बेहद अहम है।' पिछले वर्ष इन दोनों ने न्यूरोसाइंस के लिए संयुक्त रूप से कावली अवॉर्ड भी जीता था। इस पुरस्कार में विजेता को गोल्ड मेडल व 10 मिलियन स्वीडिश क्रोनोर (1.14 मिलियन अमेरिकी डालर यानी करीब साढ़े 8 करोड़ रुपये) भेंट किए जाते हैं। आने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आर्यन खान को नहीं मिली बेल, 7 तक बढ़ी हिरासत

मुंबई/ए.। कॉर्डेलिया क्रूज़ से प्रतिबंधित ड्रग्स जब्त किए जाने के मामले में गिरफ्तार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान, अरबाज सेठ मर्चेंट और मुनमुन धमेचा को 7 अक्टूबर तक एनसीबी की हिरासत में भेज दिया गया है।

इससे पहले बहस के दौरान आर्यन खान की तरफ से उनके वकील ने कहा कि उनके पास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। उनके दोस्त के पास 6 ग्राम चरस थी, जिससे आर्यन का कोई ताल्लुक नहीं।

आर्यन के वॉट्सऐप चैट्स आए सामने

दूसरी तरफ एनसीबी के वकील ने अनिल सिंह ने कोर्ट को आर्यन खान का कथित वॉट्सऐप चैट दिखाया, जिसमें वह अज्ञात लोगों से चरस खरीदने और पैसों की लेन-देन की बात कर रहे हैं। अनिल सिंह ने कहा कि आर्यन कोडवर्ड में चैटिंग करता था और इसे डीकोड करने के लिए कस्टडी जरूरी है। इससे पहले आर्यन के वकील सतीश मानशिंदे ने कहा, सच्चाई यह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली से लौटे छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी विधायक, मोर्चाबंदी फेल होने पर बदले सुर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी विधायक सोमवार शाम रायपुर लौट गए हैं। सभी 45 विधायक एक विशेष विमान से रायपुर पहुंचे। जहां विधायक कुलदीप जुनेजा और विकास उपाध्याय ने इन सभी विधायकों का स्वागत एयरपोर्ट पर किया।

रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह के नेतृत्व में ये सभी 45 विधायक दिल्ली पहुंचे थे। दिल्ली में सभी विधायक करीब एक सप्ताह रहे, लेकिन इनकी मुलाकात पार्टी के किसी भी बड़े नेता से नहीं हुई। यहाँ तक कि प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया से भी विधायकों की भेंट नहीं हुई।

प्रदेश में चल रहे ढाई-ढाई साल के फार्मूले को लेकर ही ये सभी विधायक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पक्ष रखने दिल्ली गए थे। लेकिन हासिल कुछ नहीं हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी सोमवार को दिल्ली पहुंचे लेकिन इन विधायकों से उन्होंने ने भी मुलाकत नहीं की। जिसके बाद सभी विधायक घर लौट आए हैं।

हाईकमान से मिलने की अनुमति नहीं मिलने के बाद इनकी रणनीति और दावा दोनों ही फेल हो गए। पार्टी आलाकमान पंजाब समस्या और उसके बाद अब लखीमपुर खीरी मामले में व्यस्त होने के कारण छत्तीसगढ़ के विधायकों को सुनने का समय ही नहीं दिया।

रायपुर लौटकर आये विधायकों के सुर बदले नजर आये। विधायक बृहस्पत सिंह ने ढाई-ढाई साल वाले फार्मूले पर भाजपा को घेरते हुए कहा कि ये विपक्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा का आरोप ▶ **मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर दो महीने और चावल बढ़ाने की मांग की थी**

15 सौ करोड़ से अधिक का चावल घोटाला, निष्पक्ष जांच की मांग : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा पूरी तरह से 2023 के मिशन मोड़ पर दिखाई दे रही है। यही कारण है कि प्रदेश की भाजपा इकाई लगातार प्रदेश सरकार पर हमलावर है। सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष धर्म लाल कौशिक ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर 15 सौ करोड़ के चावल घोटाले का आरोप लगाया है। भाजपा अध्यक्ष साय और नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की बात भी कही है। नेताओं ने बताया कि भाजपा 7 व 8 अक्टूबर को राशन दुकानों के सामने धरना देगी। इसके अलावा 11-12 अक्टूबर को सभी जिलों के एसडीएम कार्यालय का घेराव करेगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साय ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि महामारी के दौरान पीएम मोदी ने सभी ज़रूरतमंदों तक दो महीने के लिए मुफ्त चावल देने का निर्णय लिया था। महज़ सुर्खियां बटोरने के लिए मुख्यमंत्री बघेल ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना पर डाका : साय

साय ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत केंद्र से हर महीने 1 लाख 385 टन अतिरिक्त आवंटन किया जा रहा है। प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल प्रति महीने के मान से इससे दो करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने यह लाभ मिलना था,लेकिन इसमें से मुश्किल से एक तिहाई लोगों तक यह लाभ पहुंच रहा है। कांग्रेस सरकार ने करीब 1.5 करोड़ गरीबों के मूंह से निवाला छीना है। विधनासभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नुलाल मोहले समेत भाजपा विधायकों के सवाल के जवाब में शासन ने स्वीकार किया था कि प्रति माह 1 लाख 385 टन अतिरिक्त चावल केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ को आवंटित किया जा रहा है।

हितग्राहियों को बरगलाने की भजपा कर रही है कोशिश: शुक्ला

भाजपा द्वारा प्रदेश सरकार पर चावल घोटाले का आरोप लगाने के बाद कांग्रेस ने भी पलटवार किया है। कांग्रेस के नव नियुक्त संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सभी हितग्राहियों को पूरा चावल दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की घोषणा करने के पहले ही प्रदेश सरकार ने प्रदेश के गरीब तबकों के लोगों को मुफ्त में चावल देने की घोषणा कर दिया था। शुक्ला ने कहा कि भाजपा दिग्भ्रमित हो गई है। एक तरफभाजपा घोटाले का आरोप लगा रही है तो दूसरी ओर कह रही है कि केंद्र के गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। अब सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कार-ट्रक में टक्कर 4 महिलाओं सहित पांच की मौके पर मौत

मेरठ/ए.। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को कार और ट्रक के बीच टक्कर में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (मेरठ) प्रभाकर चौधरी ने बताया कि मेरठ जिले के थाना परतापुर क्षेत्र में सुबह करीब आठ बजे दिल्ली की तरफसे आ रही तेज रफ्तार कार सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से पीछे से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ माह का एक बच्चा घायल हो गया। घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पांचों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

आठ माह का बच्चा घायल

पुलिस के अनुसार ये सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। पुलिस का कहना है कि संभवतः चालक को झपकी आने से कार का संतुलन बिगड़ गया और कार टोल प्लाजा के पास खड़े ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। अभी मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस हादसे का कारण जानने के लिए घटनास्थल और एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

न्यूज गैलरी

5 केन्द्रों में कोवैक्सीन एंव 21 केन्द्रों में कोविशिल्ड का टिका लगाया जाएगा

भिलाईनगर (नव प्रदेश)। आज मंगलवार को 18 प्लस एवं 45 प्लस उम्र समूह के लोगों को कोविशिल्ड एंव कोवैक्सीन का टिका लगाया जाएगा। कोविशिल्ड के लिए निर्धारित किए 21 केन्द्रों में प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाया जाएगा इसी प्रकार कोवैक्सीन के लिए निर्धारित 05 केन्द्र में 18 प्लस एवं 45 प्लस आयु वर्ग के लिए प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाया जाएगा। वार्ड 12 शिवमंदिर कांजी हाउस, वार्ड 21 यूपीएचसी बैकुंठधाम, वार्ड 28 मंगलबाजार छावनी, वार्ड 29 बापूनगर पीएचसी एवं वार्ड 32 खुर्सीपार यूपीएचसी। वार्ड 01 पीएचसी खम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जुनवानी, वार्ड 04 सियान सदन राधिका नगर, वार्ड 06 सामुदायिक मंगल भवन के सामने दुबे पशु आहार सुपेला, वार्ड 04 सामुदायिक भवन बजरंग चौक कृष्णा नगर, वार्ड 09 पीएचसी कोहका मंगल बाजार कोहका सामुदायिक भवन, वार्ड 12 शिवमंदिर कांजी हाउस, वार्ड 68 ऑफिस बिल्डिंग के सामने भिलाई नायर समाजम स्कूल सेक्टर 08,वार्ड 19 छत्तीसगढ़ सदन शास्त्री नगर, वार्ड 26 गणेश मंच डोमशेड हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 66 सियान सदन एचएससीएल कॉलोनी सेक्टर 06, वार्ड 65 हनुमान मंदिर के पास सड़क 18 सेक्टर 07, वार्ड 64 मां शेरावाली मंदिर जोनल मार्केट सेक्टर 10 में 18 प्लस एवं 45 प्लस आयु वर्ग के लोगों का प्रथम एवं द्वितीय डोज का टीका लगाया जाएगा।

आज शंकर नगर, शक्ति नगर और पदमनाभपुर क्षेत्रों में जलापूर्ति विलंब से की जाएगी

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र के विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने के कारण आज शंकर नगर, शक्ति नगर एवं पदमनाभपुर क्षेत्र में जलापूर्ति विलंब से होगी। शिवनाथ नदी पंप हाउस में तकनीकी खराबी आने के कारण मरम्मत कार्य कराया जाएगा जिसके कारण मंगलवार शाम को जलापूर्ति शंकर नगर, शक्ति नगर एवं पदमनाभपुर क्षेत्र में विलंब से जलापूर्ति की जाएगी। शेष स्थानों पर जलापूर्ति यथावत रहेगी।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने देंगे प्रशिक्षण

रिसाली (नव प्रदेश)। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मार्गदर्शन देने के लिए कार्यशाला का आयोजन श्याम नगर स्थित निगम कार्यालय में किया जा रहा है। सोमवार से शुरू हुई कार्य शाला 5 दिनों तक चलेगी। पहले दिन निगम क्षेत्र की 21 सीआरपी शामिल हुई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला स्व सहायता समूहों के समक्ष आने वाली समस्याओं को दूर करना है। दुर्ग नगर पालिक निगम क्षेत्र की सीआरपी किरण साहू व उषा साहू ने नवनियुक्त सीआरपी महिलाओं को बताया कि उन्हें प्रत्येक समूह की सदस्यों को किस तरह मार्गदर्शन देना है। प्रोत्साहन से लेकर नियमों के तहत कार्य कैसे करना है। सामाजिक गतिशीलता और स्वरोजगार के घटक कौन-कौन से है। कार्यशाला की शुरूआत पूजा अर्चना के साथ ही परिचय से किया गया। इस अवसर पर आजीविका मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी सुरेश देवांगन, मिशन मैनेजर आयरा बघेल, सीईओ कुंजेश्वरी साहू व अनिता साहू उपस्थित थी।

कोविड नियमों के पालन से मनेगी नवरात्रि एवं दशहरा-मिश्रा

भिलाई (नव प्रदेश)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर-2 हनुमान मंदिर में नवरात्रि के पावन पर्व पर ज्योति कलश प्रज्जवलित होगी। मंदिर के प्रधान न्यासी आई पी मिश्रा ने बताया कि घी और तेल से दीप प्रज्जवलित की जाएगी। 66वां दशहरा उत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। कोविड नियमों का पालन करते हुए नवरात्रि व दशहरे का आयोजन किया जाएगा। प्रधान न्यासी मिश्रा ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी हो गई है। परंपरा अनुसार आयोजन होंगे।

इस दीपावाली गोधन से बनी दीयों से रौशन होंगे लोगों के घर

गोधन न्याय योजना के केंद्रों में तैयार किए जा रहे है रंग-बिरंगे आकर्षक दीए

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। इस दीपावली घर आंगन गोधन से बनी दीयों की रौशनी से रोशन होगा। घरों को रोशनी से सजाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांर्गत संचालित गोधन न्याय योजना के केन्द्रों में स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर से रंग-बिरंगी दीए तैयार करना प्रारंभ कर चुकी है। घरों को सजाने के लिए सीनरी, श्री लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा, ग्वालीन भी तैयार करेंगे। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने गोधन न्याय योजना के केंद्रों का निरीक्षण कर गोबर से अन्य उत्पाद तैयार करने के निर्देश दिए हैं! निर्देश प्राप्त होते ही अब इस पर स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अमल करना प्रारंभ कर दिया है! उपायुक्त एवं गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारी सुनील अग्रहरि एवं शिवाजी नगर जोन-4 के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा ने बताया कि गोबर से बनी दीयों की अच्छी मांग है। भिलाई के अलावा आसपास के जिले के लोग गोधन न्याय योजना के गोबर खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर दीयों की एडवांस बुकिंग भी कराते हैं। शिवाजी नगर के गोधन न्याय योजना के केंद्र में दीए बनाने का कार्य प्रारंभ हो गया है, दीए बनाने के बाद इसे डेकोरेट करने का काम किया जाएगा। डेकोरेशन का कार्य पूर्ण होने के बाद विक्रय किया जाएगा। डिमांड के अनुसार आपूर्ति किया जाएगा। समूह की महिलाओं ने बताया कि गोबर से बनी दीयों की डिमांड पिछले वर्ष अन्य प्रदेशों से भी मिली थी! निगम आयुक्त ने दीयों के निर्माण एवं विक्रय को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा, निर्देश भी दिए हैं। विक्रय केन्द्र के लिए ऐसे स्थल का चयन करने कहा गया है, जहां लोगों का आसानी से आवाजाही हो। जोन आयुक्त को गोबर खरीदी केन्द्रों में प्रतिदिन अधिक से अधिक दीए बनाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के कार्य योजना के मुताबिक गोधन न्याय योजना का केन्द्र आजीविका का केन्द्र बन रही है। निगम प्रशासन के सहयोग से स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर से सजावटी वस्तुएं भी तैयार करेंगी। त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है और दीपावली का त्योहार अब नजदीक आ रहा है जिसकी वजह से गोबर से निर्मित दीयों की मांग को देखते हुए इसके निर्माण की तैयारी की जा रही है।

निगम अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगमायुक्त हरेश मंडावी के निर्देशनुसार विभागवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सोमवार 4 अक्टूबर अमृत मिशन से सम्बंधित कार्यो की जानकारी।शहर में जलप्रदाय से सम्बंधित, मंगलवार 5 अक्टूबर गोधन न्याय योजना व 15वे वित्त आयोग से सम्बंधित समस्त और मुख्यमंत्री स्लम स्वस्थ्य योजना के अंतर्गत,शहर के उद्यान, एवं सीवरेज परियोजना से सम्बंधित कार्यो की जानकारी। बुधवार 6 अक्टूबर राष्ट्रीय शहरी मिशन,लेखा और स्थापना से सम्बंधित कार्यो की जानकारी। गुरुवार 7 अक्टूबर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत,वाहन से सम्बंधित समस्त कार्यो की जानकारी। शुक्रवार 8 अक्टूबर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भूमिका के सम्बंध में समस्त जानकारी,विधुत कार्यो की भवन अनुज्ञा, आईएचएस डीपी आवास योजना से समस्त जानकारी। शनिवार 9 अक्टूबर स्वच्छ भारत मिशन अंर्तगत एवं डोस अपशिष्ट प्रबंधन से सम्बंधित और जानकारी के साथ स्थल भ्रमण किया जाएगा। आज नगर पालिक निगम में प्रशानिक सेवा अधिकारी,आईएएस सहायक कलेक्टर हेमंत नंदनवर ने अधिकारी और कर्मचारियों के साथ मुख्यालय में राजस्व विभाग,बाजार विभाग,स्थापना शाखा,लोक कर्म विभाग,स्वास्थ्य विभाग,कर्मशाला विभाग समेत अन्य विभागों का भ्रमण कर प्रभारी अधिकारियों से चर्चा कर कार्यो देखा एवं कार्यो के संबंध में जानकारी ली।इस मौके पर कार्यपालन अभियंता आर.के.पांडेय, उपअभियंता साहू, मनोहर साहू,शुभम गोइर,शौयब अली मौजूद थे।इस हेतु शासन द्वारा प्रभारी समान्यक अधिकारी नियुक्त किया गया है। निगम में तिथिवार सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्कता अनुसार योजनाओं के समुचित क्रियान्वन प्रीक्षण देंगे।

शंकराचार्य महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा विश्व पशु दिवस मनाया गया

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, भिलाई के प्राणी शास्त्र विभाग के द्वारा विश्व पशु दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस मनाते हैं। इसे पशु प्रेमी दिवस के रूप में भी जाना जाता है, यह दिवस जानवरों के देखभाल, स्नेह और संरक्षण को प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएससी प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों ने जूनवानी, भिलाई में स्थित शीतल डेयरी गौशाला का दौरा किया। वहां छात्रों ने देशी भारतीय गायों और भैंसों को देखा और उनके साथ कई घंटे बिताए। छात्रों नें उनके आवास, शरीर के आकार, दूध उत्पादन आदि के बारे में भी जाना। यहॉ पर नवजात बछड़े के साथ 16 भैंस और 9 गायें थीं। यह दौरा हमारे छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और यादगार रहा। महाविद्यालय के छात्र-अनिकेत, अक्षय, सिमरों, लोकेश, अंजलि, सोनी, बेनिका, भानु, प्रिया, साक्षी, मानसी, कुमकुम कुणाल, रक्षा, दीक्षा इस अवसर पर उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्या डॉ रक्षा सिंह ने कहा कि यह दिन जानवरों के प्रति जागरूकता और सहानुभूति पैदा करने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं, यह जानवरों के प्यार, देखभाल और संरक्षण को प्रोत्साहित करता है।

महाविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि जानवरों के प्रति क्रूरता आज हम देखते हैं, उदाहरण के लिए पथराव, पिटाई और डिब्बाबंदी, इसलिए हमें जागरूकता पैदा करनी चाहिए।

इस अवसर पर महाविद्यालय की जंतु विथाग की विभागाध्यक्ष ने कहा कि डॉ सोनिया बजाज ने कहा कि महाविद्यालय के स्टाफ और छात्रों के द्वारा कॉलेज परिसर में आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं एंव उनके उचित देखभाल किया जाता है।

सितंबर माह में ब्लास्ट फर्नेस ने बनाए कई रिकॉर्ड

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों ने सितंबर 2021 के महीने में कई नए रिकॉर्ड बनाए। ब्लास्ट फर्नेस ने अगस्त 2021 के महीने में 429 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए सितंबर, 2021 में 414 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल की सर्वश्रेष्ठ मासिक कोक दर दर्ज की। ब्लास्ट फर्नेसों ने सितंबर, 2021 में 100 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल की सर्वश्रेष्ठ मासिक सीडीआई रेट दर्ज कर जनवरी 2021 में बनाये अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 92 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। ब्लास्ट फर्नेस-8 卐महामाया卐 ने सितंबर, 2021 में कई रिकॉर्ड बनाए। सितंबर माह में 1158 डिग्री सेल्सियस के उच्चतम हॉट ब्लास्ट तापमान को प्राप्त कर अगस्त, 2021 में 1148 डिग्री सेल्सियस के पिछले कीर्तिमान को पीछे छोड़ा। जनवरी, 2021 में 372 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड के मुकाबले अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक कोक दर 371 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल दर्ज किया। जनवरी, 2021 में 135 किलोग्रामप्रति टन हॉट मेटल के पिछले सर्वश्रेष्ठ के मुकाबले 138 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल उत्पादन कर अब तक की सर्वश्रेष्ठ मासिक कोल डस्ट इंजेक्शन रेट (सीडीआई) दर्ज किया।

सेक्टर-9 हॉस्पिटल चौक से लगेगी मैराथन की दौड़

दुर्ग/नवप्रदेश। वन विभाग की ओर से 03 अक्टूबर को वाइल्ड लाईफवीक का आगाज हो चुका है। इसके अंतर्गत कराए जा रहे आयोजनों में 08 अक्टूबर को मैराथन दौड़ की प्रतिस्पर्धा होनी है। मैराथन की शुरूआत सुबह 6:00 बजे सेक्टर-09 हॉस्पिटल चौक से होगी। लोगों में वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए वन्य जीव सप्ताह में प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मैराथन दौड़ का आयोजन ऑफ्लाइन मोड में होगा। वन विभाग ने जिले के निवासियों से इस मैराथन में बड़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए अपील की है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मोबाइल नंबर 9691355543, 8109508650 में कर सकते हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 248/2021-22
वार्ड का नाम- श.हेमू कालाणी-28
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. हेमू कालाणी 28 स्थित मकान/ भूमि करसन चेम्बर आफिस नं. 312 जो कि निगम अभिलेख में श्री मणीलाल पटेल व. करसन भाई पटेल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती दुर्गा महन्ती पति तापश कुमार पटनायक ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 249/2021-22
वार्ड का नाम- श. हेमू कालाणी-28
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. हेमू कालाणी 28 स्थित मकान/ भूमि करसन चेम्बर आफिस नं. 202 जो कि निगम अभिलेख में श्री मणीलाल पटेल व. करसन भाई पटेल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती लिली शर्मा पति सुरेश कुमार शर्मा, निहार शर्मा व. सुरेश कुमार शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा व. शिवरूप शर्मा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

नाम सुधार
शपथ-पत्र
मैं शपथकर्ता राम सेवक वासनिक उम्र 62 वर्ष आ. गुलाब सिंह वासनिक, जाति महार निवासी- हास्पिटल कालोनी गुण्डरदेही वार्ड नं. 13 तहसील-गुण्डरदेही, जिला-बालोद छ.ग. का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं :-
1. यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का निवासी हूं। 2. यह मेरे पुत्री विनीता वासनिक के पासपोर्ट पासबुक (J2183502) में मेरा नाम RAMESHWER त्रुटिवश दर्ज हो चुका है किंतु मेरा आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में वास्तविक नाम RAM SEWAK WASNIK दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। 3. यह कि मेरे पुत्री विनीता वासनिक के पासपोर्ट पासबुक (J2183502) में मेरा नाम RAMESHWER त्रुटिवश दर्ज है उसे सुधारकर मेरा वास्तनिक नाम RAM SEWAK WASNIK दर्ज किए जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है।
शपथकर्ता

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति संतोषी गुप्ता आ. ध.प. स्व. राजकुमार गुप्ता साकिन से. 11 खुर्सीपार भिलाई द्वारा ग्राम बोड़ेगांव प.ह.न. 14 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 246/1, 246/4 रकबा 0.14, 0.67 हे. जो उसके स्व. राजकुमार गुप्ता/भाई लाल गुप्ता के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13.10.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 30.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण शकुंतला साहू पति स्व. नेहरू राम साहू वगैराह. निवासी मकान नं.- 543/2 वार्ड नं. 58 संगम चौक उरला तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 293/0, 295/2, 296/4, 513/3 एवं 515/2 कुल खसरा 05 रकबा क्रमशः 0.010, 0.215, 0.162, हे. एवं 0.012 हे. भूमिस्वामी नेहरू राम साहू पिता स्व. झाडूराम साहू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी नेहरू राम स्वामी दिनांक 22/07/2021 की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदकगण द्वारा फौती नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है। आवेदक के साथ बी-1, ऋण पुस्तिका मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है।
अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 01.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग , उतई सर्किल (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. अ-6 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोसरिया पटेल मरार समाज ग्राम धनोरा अध्यक्ष मनोज पटेल पिता स्व. अभय राम पटेल निवासी वार्ड नं. 16 ग्राम धनोरा पोस्ट हनोदा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पंचायत धनोरा के बैठक दिनांक 12/08/2021 को बैठक क्रमांक 18 में प्रस्ताव पारित कर सामु. भवन निर्माण किए जाने खसरा नं. 66 कुल रकबा 05 डिसमिल जमीन आबंटित किया गया है। उक्त भूमि को कोसरिया पटेल मरार समाज के नाम से दर्ज किए जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह पेशी दिनांक 08.10.21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
आज दिनांक दिनांक 25.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।
मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति रूपा देवी यादव पति उमा शंकर यादव निवासी वार्ड- नं.-06 पूर्वी नेपाल गेट चरचा शिवपुर कोरिया तह. व जिला कोरिया (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 619/21, 620/25 रकबा 0.0320 हे. भूमि को विक्रेता चम्पा साहू पति दौलत रात साहू से दिनांक 21/09/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 21.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 01.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार साहू वगैरह पिता स्व. कुंजराम साहू निवासी वार्ड नं. 56 उरला दुर्ग मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 246/4 का रकबा 0.056 हे. भूमि विमला साहू पति स्व. कुंजराम साहू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 11/04/2021 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।
अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 18.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 01.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार साहू वगैरह पिता स्व. कुंजराम साहू निवासी वार्ड नं. 56 उरला दुर्ग मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 247 का रकबा 0.166 हे. भूमि विमला साहू पति स्व. कुंजराम साहू व नेहरू राम साहू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी कही मृत्यु दिनांक 11/04/2021 , 2. की मृत्यु दिनांक 22/07/2021 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।
अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 18.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 01.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202110100004000033
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संतोष कुमार आ. स्व. खेमू राम निवासी क्वा. नं. 305/ ए वार्ड नं. 59 रिसाली से. भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/7 रकबा 0.017 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202109100440381
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अशोक कुमार देशमुख आ. स्व. लोकनाथ देशमुख निवासी खोपली जिला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1048/26 रकबा 0.010 हें/ 1750 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202109100440369
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक टोकेन्द्र कुमार बिजौरा आ. खम्हन लाल निवासी उतई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 973/58 रकबा 0.0200 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202109100440368
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक खेमराज साहू आ. डोमन लाल निवासी उतई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 673/6 रकबा 0.0180 हें/ 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
इश्तहार
202109100700389
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है योगेश कुमार आ. स्व. छब्बू निवासी तितुरडीह स्टेशनपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह प.ह.न. 52 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2/1 रकबा 0.1810 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के स्वयं के बालिग हो जाने पर उसके नाम से नाबालिग शब्द विलोपित किए जाने वह सहखातेदार रेखा बाई पति धनिराम, मोहन पिता खोरबाहरा, रमेश, खुटेल आ. धनीराम की मृत्यु हो जाने पर उसके सभी विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 25.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
202109100700244
अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक हेमचंद साहू पिता/पति चैनसिंह साहू निवासी ग्राम घनोरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/3 रकबा 1242.50 वर्गफुट भूमि जो विक्रेता रिखीराम पिता झाडूराम निवासी ग्राम बोरसी बस्ती दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07/10/21 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 21/9/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
202109100700245
अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका दमयंती साहू पिता/पति सोमदत्त साहू निवासी ग्राम विनायकपुर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/3 रकबा 1200 वर्गफुट भूमि जो विक्रेता रिखीराम पिता झाडूराम निवासी ग्राम बोरसी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07/10/21 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 21/9/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
202109100700246
अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका संतोषी साहू पिता/पति हेमलाल साहू निवासी ग्राम से.6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 233/54 रकबा 0.009 हे. भूमि जो विक्रेता सुनिता कुमावत पति ताराचंद कुमावत निवासी ग्राम धनोरा रोड बोरसी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07/10/21 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 21/9/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
202109100700247
अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पृथ्वी राज गनवीर पिता उदल गनवीर निवासी ग्राम से.4 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 241/79 रकबा 0.014 हे. भूमि जो विक्रेता नफीस अख्तर बानो पति मोहम्मद उमर खान निवासी ग्राम से. 4 भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 17/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07/10/21 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 21/9/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
202109100700248
अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दुष्यंत कुमार साहू पिता मुलियर राम साहू निवासी ग्राम शारदापारा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/3 रकबा 1200 वर्गफीट हे. भूमि रिखीराम पिता/पति झाडूराम निवासी ग्राम बोरसी बस्ती दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07/10/21 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 21/9/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

पहली बार आज रायपुर पहुंच रहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज रायपुर पहुंच रही हैं। वे यहां कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। साथ ही वित्त मंत्रालय के अधीन विभागों के अधिकारियों व अलग-अलग प्रतिनिधियों से बात करेंगी। वित्त एवं कार्पोरेट विभाग से जारी अधिकृत कार्यक्रम के मुताबिक सीतारमण आज सुबह 10 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर जाएंगी। भाजयुमो के कार्यकर्ता उनके स्वागत में बाइक रैली निकालेंगे। ठाकरे परिसर में प्रेस कांफ्रेंस के बाद स्थानीय नेताओं से भेंट करेंगी और भाठागांव वैक्सिनेशन सेंटर जाएंगी। वहां कोरोना वैक्सिनेशन प्रोग्राम के बारे में जानकारी लेंगी। इसके बाद पहुना जाएंगी। पहुना में लंच के बाद तेलीबांधा तालाब में जल संरक्षण का जायजा लेंगी। टाउन हॉल में ब्लड डोनेशन कैम्प जाएंगी। इसके बाद एक होटल में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। वहां पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के निवास पर भेंट करेंगी और रात 8.20 की फ्लाइट से दिल्ली लौट जाएंगी।

सड़क एक्सीडेंट में एक युवक की मौत एक घायल, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रोड एक्सीडेंट में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत गई। साथ ही पीछे बैठा व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक रावाभांठा थाना खमतराई निवासी नेमीचंद साहू 34 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह सिलतरा में एक कंपनी में काम करता है। 3 अक्टूबर को रात 9 बजे के करीब उसके मोबाइल पर कॉल आया कि एक बाइक सवार व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई है व पीछे बैठा व्यक्ति घायल है। सूचना पाकर सीएचसी धरसीवा आया तो देखा रवेन्द्र कुमार साहू निवासी कवर्धा की मृत्यु हो चुकी थी। दूसरा घायल व्यक्ति छोटु ऊर्फ युवराज साहू निवासी मानिकचौरी का होना पता चला है। अज्ञात वाहन ने दोनों को ठोकर मार दी है। जिससे रवेन्द्र साहू की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा युवराज साहू गंभीर रुप से घायल हो गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304,279,337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

मंदिर के बाहर खड़ी ऑटो पार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के टिकरापारा इलाके में मंदिर के बाहर खड़ी ऑटो चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक न्यू सुभाष नगर टिकरापारा निवासी मोहम्मद रफी कुरैशी ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी अपनी ऑटो क्रमांक सीजी 04टीए 0912 अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये को हरदेव मंदिर के बाहर 02 अक्टूबर को रात 9 बजे खड़ी कर दिया था। दूसरे दिन रविवार को सुबह जब वह गंतब्य स्थान पर गया तो वहा से आटो वाहन नही था। किसी ने आटो चोरी कर लिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

अवैध शराब के साथ तीन पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने अलग–अलग तीन थाना क्षेत्र में अवैध शराब की सूचना पर अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर 48 पाव देसी शराब व 2 बॉटल अंग्रेजी शराब सहित एक बाइक जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को शाम 6 बजे चेकिंग के दौरान मोनेट रोड गुप्ता होटल के पास पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों के कब्जे से 30 पौव्वा देसी शराब बरामद हुई जिसके बाद बाइक सवार दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर बाइक व देसी शराब जब्त कर ली है। पुछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बिसेसर भपहरी 36 वर्ष बताया है साथ ही उसके साथी को भी हिरासत में लिया है। इसी तरह तेलीबांधा व खरोरा में 2 लोगों से अवैध 2 बॉटल अंग्रेजी शराब व 18 पौव्वा देसी शराब जब्त की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

शराब दुकान में विवाद, हथियारबंद बदमाशों के साथ पहुंचा युवक

रायपुर/नवप्रदेश। हथियारबंद बदमाशों ने शराब भट्ठी में एक युवक से झगड़ा होने की वजह से जमकर हंगामा किया। बीती रात आरोपियों ने एक युवक से विवाद के बाद शराब दुकान में हंगामा किया। वहीं घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बताया जा रहा है कि शराब दुकान में किसी बात पर युवक का विवाद हो गया। जिसके बाद युवक हथियारबंद बदमाशों के साथ पहुंच गया। जिसके बाद पंडरी शराब दुकान के बाद भारी भीड़ जमा हो गई थी। वहीं मामले की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को काबू किया। आरोपी पुलिस को देखकर मौके से भाग निकले। पूरा वाक्या देवेन्द्र नगर थाना क्षेत्र का है।

संदिग्ध परिस्थितियों में कार से मिली मंत्रालय कर्मचारी की लाश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में एमएफसी के पास रविवार सुबह लाल रंग की कार में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। कार में भारत सरकार लिखा होने से प्रथम दृष्ट्या यह साफ हो गया कि मृतक सरकारी अधिकारी या कर्मचारी है। बाद में उसकी शिनाख्त नवा रायपुर मंत्रालय स्थित पंचायत विभाग आयुक्त कार्यालय में स्टेनो के पद पर पदस्थ कबीर नगर, हीरापुर निवासी संतोष कुमार कंवर (44 साल) के रूप में की गई। सूचना मिलते ही जीआरपी, एफएसएल टीम के साथ गंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मौत की वजह हार्ट अटैक की संभावना जताई जा रही है। जीआरपी को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। जीआरपी थाना प्रभारी आरके बोरर्झा ने बताया कि मूलतः कोरबा जिले के ग्राम कोलवागुड़ी निवासी संतोष कंवर पिता दुरूप सिंह कंवर (44 साल) नवा रायपुर मंत्रालय स्थित पंचायत विभाग आयुक्त कार्यालय में स्टेनो के पद पर कार्यरत थे। शनिवार को वे अपनी कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 8786 से घूमने के लिए विभाग के ड्राइवर दुर्ग निवासी मनीष ठाकुर और भृत्य चरण सिंह भास्कर, गंगा सिंह मरकाम, नारायण प्रसाद के साथ बिलासपुर जिले में घूमने गए थे। वहां से सभी कार से रविवार की सुबह रायपुर पहुंचे। सभी साथियों को अलग-अलग स्थानों पर छोड़ने के बाद कार चला रहे मनीष ठाकुर दुर्ग जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा। एमएफसी के पास कार खड़ी कर संतोष को छोड़कर मनीष दुर्ग जाने ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इस बीच संतोष कार में ही पीछे की सीट पर बैठा रहा। स्वजनों ने संतोष के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन फोन नहीं उठाए जाने पर मनीष से जानकारी ली, तो पता चला कि कार में ही संतोष को छोड़कर वह निकला है। हक्का-बक्का मनीष तत्काल कार के पास पहुंचा और संतोष की लाश को देखकर इसकी सूचना स्वजनों और पुलिस को दी।

छग के सभी गौठानों में होगा गोबर से विद्युत उत्पादन

- विशेष सचिव ने गौठानों का किया मुआयना
- प्राथमिकता से चारागाह विकसित करने के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में सर्वाधिक लोकप्रिय सुराजी गांव योजना के अंतर्गत संचालित नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी कार्यक्रम की हकीकत जानने मुख्यमंत्री सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों का लगातार जिलों में दौरा जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के विशेष सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने आज मुंगेली जिले के लहौदा, दरदेही और सम्बलपुर गौठानों का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने गौठानों से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की और उनकी आयमूलक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

विशेष सचिव एवं गोधन न्याय योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन ने मुंगेली विकासखंड के ग्राम लहौदा एवं सम्बलपुर तथा पथरिया विकासखंड के ग्राम दरदेही के गौठान के निरीक्षण के दौरान गौठान समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य के तीन गौठानों में गोबर से विद्युत उत्पादन की शुरूआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन बेमेतरा जिले के राखी, दुर्ग जिले के सिकोला तथा रायपुर जिले के बनचरौदा गौठान में गोबर से विद्युत उत्पादन का वर्चुअल शुभारंभ किया है।

मल्टी-यूटिलिटी सेन्टर की पहल

विशेष सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप राज्य के सभी गौठानों में गोबर से बिजली उत्पादन किया जाना है। उन्होंने लहौदा, सम्बलपुर और दरदेही गौठान में भी गोबर से विद्युत उत्पादन संयंत्र की स्थापना के संबंध में गौठान समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की और यहां भी विद्युत उत्पादन संयंत्र स्थापित किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौठान में लोगों को रोजगार से जोड़ने तथा महिला स्व-सहायता समूह की आयमूलक गतिविधियों को विस्तार भी दिया जाना है। इसके लिए गौठान में सर्वसुविधायुक्त मल्टी यूटिलिटी सेन्टर विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने गौठान समिति के पदाधिकारियों से गौठानों में मल्टी यूटिलिटी सेन्टर तथा पशुओं के हरे-चारे की व्यवस्था के लिए चारागाह विकास को प्राथमिकता से कराए जाने के भी निर्देश दिए।

महिलाओं में जाएगा आत्मविश्वास

विशेष सचिव डॉ. भारतीदासन से बात-चीत करते हुए समूह की महिलाओं ने कहा कि गौठान और गोधन न्याय योजना से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। गांव में रोजगार मिलने से उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। उनमें एक नया आत्मविश्वास जगा है। डॉ. भारतीदासन ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप महिला समूहों को सहयोग एवं मार्गदर्शन देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना है। उन्होंने अधिकारियों को महिला समूहों की हर संभव मदद एवं स्वावलंबन के लिए प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान, पशुधन संरक्षण-संवर्धन के साथ-साथ उत्पादक केन्द्र बनें, यही हम सबका प्रयास होना चाहिए।

आदिवासी नृत्य महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर 'साल इंटरनेशनल ट्राईबल फेस्टिवल 2021' के नाम से 28 अक्टूबर से एक नवम्बर तक द्वितीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के विधायक और अधिकारीगण देश के सभी राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेश जाकर उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को कार्यक्रम के लिए न्यौता देंगे। इसके अलावा उन राज्यों के संस्कृति विभागों के माध्यम से उनके आदिवासी दलों को इस महोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण देने का निर्णय लिया गया है। इस आशय का परिपत्र मंत्रालय महानदी भवन स्थित सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है।

वेब-सीरिज के बाद छत्तीसगढ़ में अब मशहूर फिल्मकार सुधीर मिश्रा की 'जहांनाबाद' की भी शूटिंग

- प्रदेश की नई फिल्म नीति का असर, ख्यातनाम फिल्म निर्माता शूटिंग के लिए आ रहे छत्तीसगढ़

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की नई फि ल्म नीति मुम्बई के ख्यातनाम फिल्मकारों को छत्तीसगढ़ में अपनी फिल्मों और वेब-सीरिज की शूटिंग के लिए आकर्षित कर रही है। हाल ही में तिग्मांशु धुलिया निर्देशित व आशुतोष राणा अभिनीत वेब-सीरिज 'सिक्स सस्पेक्ट्स' की शूटिंग के बाद अब देश के नामचीन फिल्मकार सुधीर मिश्रा 'सोनी लिव' तथा 'स्टूडियो नेक्स्ट' पर प्रसारित होने वाली अपनी वेब-सीरिज 'जहांनाबाद' की शूटिंग के लिए यहां आ रहे है।

आगामी नवम्बर माह से करीब दो महीनों तक कांकेर, कवर्धा, राजनांदगांव और रायपुर के विभिन्न लोकेशन्स पर इसका फिल्मांकन होगा। स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को भी इसमें काम करने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में 8 सितम्बर को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य की नई फिल्म नीति को मंजूरी दी गई है। नई नीति के तहत यहां फिल्मों के निर्माण के लिए स्थानीय फिल्मकारों की सहायता के साथ ही पर्यटन और अधोसंरचना की मजबूती के लिए बॉलीवुड के फिल्मकारों को भी आकर्षित किया जाएगा।

नई फि ल्म नीति के अनुसार छत्तीसगढ़ को फि ल्म अनुकूल राज्य बनाने, फिल्मों की शूटिंग के लिए सेंट्रल हब के रूप में विकसित करने, स्थानीय प्रतिभाओं के लिए रोजगार के अवसरों के विकास और फिल्म निर्माण के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित करने के साथ ही यहां के प्राकृतिक व सांस्कृतिक स्थलों को फि ल्मों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाएगी।

मशहूर फिल्मकार सुधीर मिश्रा ने प्रदेश की नई फिल्म नीति का स्वागत करते हुए कहा कि इसकी बहुत जरूरत थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस पहल से इस खूबसूरत राज्य के विभिन्न लोकेशन्स में शूटिंग के लिए फि ल्मकारों को मदद और सुविधाएं मिलेंगी। यहां हर तरह के लोकेशन्स हैं। घने जंगल, आदिवासी इलाके, भिलाई इस्पात संयंत्र, प्राचीन शहरों और मंदिरों के साथ रायपुर और बिलासपुर के मनमोहक नजारे भी हैं।

मिश्रा ने बताया कि हम लोगों ने 'सोनी लिव' और 'स्टूडियो नेक्स्ट' पर प्रसारित होने वाली अपनी वेब-सीरिज 'जहांनाबाद' की शूटिंग के लिए छत्तीसगढ़ को चुना है। यह श्री राजीव बरनवाल द्वारा लिखित तथा उनके व सत्यांशु सिंह द्वारा निर्देशित अद्भूत शो है। पाराम्ब्रता चट्टोपाध्याय, रजत कपूर, साब्यसाची चक्रबर्ती और इश्वाक सिंह जैसे बड़े और उभरते कलाकार इसमें अभिनय कर रहे हैं।

राज्य योजना आयोग के सलाहकार एवं प्रदेश की नई फिल्म नीति तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गौरव द्विवेदी ने बताया कि बॉलीवुड के फिल्मकार हाल ही में घोषित प्रदेश की नई फि ल्म नीति में गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं और वे शूटिंग के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान 'गढ़वो नवा छत्तीसगढ़' के मुताबिक नई फि ल्म नीति की घोषणा के कुछ दिनों के भीतर 'जहांनाबाद' दूसरी वेब-सीरिज होगी जिसकी शूटिंग छत्तीसगढ़ में होगी। उन्होंने बताया कि निर्माता-निर्देशक अनुभव सिन्हा, अनुराग कश्यप, निखिल द्विवेदी, अजय राय और सुश्री मधु भोजवानी भी अपनी आगामी फिल्मों एवं वेब-सीरिज के फिल्मांकन के लिए छत्तीसगढ़ में संभावनाएं तलाश रहे हैं।

प्रदेश के वनांचल के मजरेटोले सोलर होमलाइट से हुए रोशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार अब पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक बिजली पहुंचाने का कार्य कर रही है और सुजला योजनांतर्गत् दूरस्थ अंचल के किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। साथ ही वनांचल के मजरेटोले में होमलाईस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। दूरस्थ अंचल के अंतिम व्यक्ति तक छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। सौभाग्य योजनांतर्गत स्थापित होमलाईट एवं सोलर पॉवर प्लांट से घर रोशन हो रहे हैं।

जशपुर जिले में सौभाग्य योजनांतर्गत दिसम्बर 2018 से अविद्युतीकृत क्षेत्रों में कई ग्राम-मजरेटोले को होम लाईट एवं सोलर पॉवर प्लांट से विद्युतीकृत किया गया है। क्रेड़ा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला जशपुर अंतर्गत 06 मजरेटोले के 168 हितग्राहीयों को सोलर पॉवर प्लांट एवं 1826 नग होमलाइट संयंत्र स्थापित कर कुल 2847 घरों को सोलर लाइट के माध्यम से विद्युतीकृत किया गया है। जिला जशपुर से दूरस्थ ग्राम-बहोरा, चलनी, कामारिमा, करडीह, सोनमुठ, हर्राडीपा एवं सोनक्यारी के घनघोर जंगल-पहाड़ के कई मजरेटोले में लगभग 191 हितग्राहियों को सोलर होम लाइट संयंत्र देकर उनके घरों को रोशन किया गया है, इन मजरेटोले में अधिकांश पहाड़ी कोरवा ही निवासरत हैं, जो कई वर्षों से अंधकार में जीवन व्यतीत करते थे, वर्तमान में उनके घरों को सोलर होम लाइट द्वारा विद्युतीकृत करने से उनके चेहरों में खुशी की झलक दिखाई पड़ती है।

एनएमडीसी ने विद्यार्थियों के साथ मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

हैदराबाद/रायपुर/नवप्रदेश। लगभग 75 से अधिक विद्यालयों के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न उद्यम एनएमडीसी के साथ आजादी का अमृत महोत्सवव मनाया। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्कत उत्पोदक ने भारत@75 उत्सीव मनाने के लिए विभिन्न खेलकूद, शैक्षणिक एवं सांस्कृनतिक गति? विधियों के एक भाग के रूप में 2 और 3 अक्तूवबर, 2021 को मेगा शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया। शतरंज प्रतियोगिता में हैदराबाद एवं सिकंदराबाद के विद्यालयों से विद्यार्थियों ने 3 वर्गों ङ्क सब जूनियर (कक्षा 1 से 5), जूनियर (कक्षा 6 से 8) तथा सीनियर (कक्षा 9 से 12) में प्रतिभागिता की।

देश की स्वततंत्रता प्राप्ति तथा उसके बाद की यात्रा के संबंध में विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्यक से प्रतियोगिता के दौरान अनेक क्विज तथा इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किए गए। उपर्युक्त् कार्यक्रमों के आयोजनों की थीम राष्ट्रीय स्वपतंत्रता आंदोलन, स्वकतंत्रता सेनानियों की गाथाएं तथा आत्मआनिर्भर भारत पर बल देते हुए भारत सरकार द्वारा की जा रही पहलें रखी गईं।

आजादी का अमृत महोत्साव के एक भाग के रूप में आगामी बड़ा कार्यक्रम कैंसर जागरूकता दौड़ 10-10-2021 को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। एनएमडीसी ने इस आभासी तथा उपस्थिति के साथ होने वाली 5 कि.मी., 10 कि.मी. तथा 21 कि.मी. की दौड़ में ग्रेस कैंसर फाउंडेशन के साथ भागीदारी की है।

राज्यपाल ने पितृ पक्ष के अवसर पर किया पौधरोपण

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन में पितृ पक्ष के अवसर पर पौधरोपण किया। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी को अपने पूर्वजों की याद में अवश्य पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में होगा गोधन न्याय मिशन गठित, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे होंगे अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना को मिशन मोड पर संचालित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गोधन न्याय मिशन का गठन करने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे इसके अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा उपाध्यक्ष होंगे। राज्य में पशुपालन और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2020 से गोधन न्याय योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत पशुपालकों एवं किसानों से दो रूपए प्रति किलो की दर से गोबर की खरीदी की जाती है। इस गोबर से महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा सुराजी गांव योजना के तहत स्थापित गौठानों में जैविक खाद का निर्माण किया जा रहा है।

अभी तक 50 लाख क्विंटल से भी अधिक गोबर का क्रय किया जा चुका है। क्रय किए गए गोबर से कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट के अतिरिक्त विद्युत उत्पादन तथा अन्य अनेक प्रकार की वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा है। बघेल ने इस परियोजना को राज्य के सभी गौठानों में लागू करने के निर्देश दिए हैं। राज्य में अब तक 10 हजार से ज्यादा गौठान स्वीकृत हो चुके हैं। इनमें से 6 हजार से ज्यादा गौठान निर्मित होकर सक्रिय भी हो चुके हैं। सम्पूर्ण व्यवस्था का प्रबंधन स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है।

ली जाएंगी वैज्ञानिकों की सेवाएं

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि गोबर संग्राहकों को योजना से अधिक से अधिक लाभ मिले और गोबर के अधिकतम लाभकारी उपयोग के लिए आवश्यक है कि इसका प्रबंधन व्यावसायिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ किया जाए। इसके लिए मिशन मोड में कार्य किया जाए जिसमें वैज्ञानिकों, प्रबंधन एवं विपणन विशेषज्ञता रखने वाली संस्थाओं, एनजीओ, कम्पनियों के कन्सलटेंट आदि की सेवाएं ली जाएं।

गोधन न्याय मिशन में ये होंगे सदस्य

गोधन न्याय मिशन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह और सचिव वित्त अलरमेलमंगई डी. सदस्य होंगी। विशेष सचिव कृषि डॉ. एस. भारतीदासन मिशन के प्रबंध संचालक तथा उप सचिव कृषि अतिरिक्त प्रबंध संचालक होंगे।

प्राचीन धरोहर — प्राचीन कौशल्या माता मंदिर के सौन्दर्यीकरण के प्रथम चरण के कार्यों के उद्घाटन पर होगा शानदार समारोह

छत्तीसगढ़ भ्रमण पथ पर केन्द्रित है 'राम वन गमन पर्यटन परिपथ'

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर भगवान राम के वनवास के दौरान छत्तीसगढ़ भ्रमण पथ के महत्वपूर्ण स्थानों को 'राम वन गमन पर्यटन परिपथ' परियोजना के तहत विश्वस्तरीय पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत चंदखुरी गाँव में स्थित प्राचीन कौशल्या माता मंदिर के सौन्दर्यीकरण और परिसर को विकसित करने के प्रथम चरण का कार्य पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री बघेल 7 अक्टूबर 2021 को नवरात्रि के शुभ अवसर पर इसका उद्घाटन करेंगे।

छत्तीसगढ़ की लोक कथाओं में भगवान राम एवं उनकी धर्मपत्नी माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के अलग-अलग जगहों पर वनवास के दौरान आगमन से जुड़ी अनेक कथाएं प्रचलित हैं। भगवान राम से प्रेरित कहानियां और गीत यहां के समुदायों में पीढ़ियों से सुनाए और गाए जाते हैं। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल और उनकी माता कौशल्या का जन्म स्थान है।

अयोध्या से वनवास के दौरान प्रभु राम ने अपना अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया था। राज्य सरकार द्वारा भगवान राम और माता कौशल्या से जुड़ी यादों को संजोने के लिए राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना की कल्पना की है। इस पर्यटन परिपथ को इस तरह विकसित किया जा रहा है कि यहां आने वाले भक्तों और पर्यटकों को अपने हर कदम के साथ धार्मिक परिवेश के साथ छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुन्दरता का अहसास हो सके।

राजधानी रायपुर से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चंदखुरी गाँव के प्राचीन कौशल्या माता मंदिर में आयोजित उद्घाटन समारोह में संगीत, नृत्य के अलावा लेजर शो और एलईडी रोशनियों के जरिए भव्य लाइट एंड साउंड कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। लाईट एंड साउण्ड शो के जरिए दर्शक भगवान राम के वनवास और वन गमन पथ की कहानियां सुन और देख सकेंगे। माता कौशल्या मंदिर में हर वर्ष नवरात्र के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि छत्तीसगढ़ अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों के लिए एक रोमांचक गंतव्य के रूप में स्थापित हो सके।

राज्य पर्यटन बोर्ड ने नवरात्रि के पावन अवसर पर अपनी इस महत्वाकांक्षी परियोजना राम वनगमन पर्यटन परिपथ, जो अयोध्या से वनवास के दौरान छत्तीसगढ़ के क्षेत्र में भगवान राम द्वारा किए गए यात्रा मार्ग का अनुसरण करता है, के शुभारंभ का समय चुना है। इस परियोजना के प्रथम चरण में जंगल के रास्ते उन नौ स्थानों को विकसित करने की योजना है। जहां से राम ने यात्रा की थी। इन स्थलों में सीतामढ़ी-हरचैका, रामगढ़, शिवरीनारायण, तुरतुरिया, चंदखुरी, राजिम, सिहावा, जगदलपुर और रामाराम शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक यशवंत कुमार ने बताया कि हमारी मुख्य प्राथमिकता राम वन गमन पथ के चिन्हित स्थलों को प्रमुख पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करना है। अभी चल रही महामारी को ध्यान में रखते हुए, हमारी कोशिश है कि लोग घरेलू पर्यटन के लिए प्रेरित हो। ऐसा करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं और हमें विश्वास है कि राम वनगमन पर्यटन परिपथ उनके लिए एक रोमांचक अनुभव होगा। राज्य का लक्ष्य चयनित स्थलों को विकसित एवं सुशोभित कर उन्हें विश्व स्तर के पर्यटन स्थल में तबदील करना है ताकि ताकि दुनियाभर से लोग यहां आ सकें जिससे राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

संपादकीय

बॉलीवुड का ड्रग्स कनेक्शन

सुशांत-रिया केस में बॉलीवुड के ड्रग्स कनेक्शन का जो खुलासा हुआ था और उसे लेकर जो बवाल मचा था अब एक बार फिर सुपरस्टार शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान की ड्रग्स मामले में गिरफ्तारी के बाद बॉलीवुड पर सवालिया निशान लगने लगे है। अभी तक इस मामले में फिल्म स्टारों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है सिर्फ सुनील सेट्ठी ने यह कहकर आर्यन खान का बचाव किया है कि वह अभी 23 साल का नादान लड़का है। जाहिर है अब और भी कई स्टार इस तरह के बयान देंगे। पूर्व में जब सुशांत-रिया केस का खुलासा हुआ था तब अपने जमाने की मशहूर फिल्म अभिनेत्री और मौजूदा राज्यसभा सदस्य जया बच्चन ने ड्रग्स मामले को लेकर कुछ फिल्म स्टारों द्वारा बॉलीवुड में फैली गंदगी के बारे में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी तो जया बच्चन ने कहा था कि ये वो लोग है जो जिस थाली में खाते है उसी में छेद करते है। समझ में नहीं आता कि ऐसे काले कामों में संलिप्त फिल्म स्टारों और उनके परिजनों की हिमायत के लिए लोग कैसे खड़े जो जाते है। आर्यन खान के पास से एनसीबी ने न सिर्फ ड्रग्स बरामद किया है बल्कि उसके मोबाईल से कई ऐसे चेक और आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है जिससे यह संदेह पुष्ट होता है कि वह ड्रग्स का आदि रहा है। कोई बड़ी बात नहीं कि ड्रग्स के कारोबार में भी संलिप्त हो। बहरहाल उससे पूछताछ जारी है और उसके बाद ही यह पता चलेगा कि ड्रग्स के इस रैकेट में और कौन-कौन सी बॉलीवुड की बड़ी मछलियां भी शामिल है। दरअसल बॉलीवुड के कुछ सितारों ने अपनी काली करतूतों से बॉलीवुड के नाम पर बत्ता लगा दिया है। ऐसे लोगों का तो बहिष्कार किया जाना चाहिए। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच भी होनी चाहिए ताकि बॉलीवुड के ड्रग्स कनेक्शन और ड्रग्स माफियाओं का पर्दाफाश हो और इस नशे के कारोबार में लगे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सकें।

विचार

दुनिया में आर्थिक भूलभुलैया

दुनिया कहां जा रही है, समझना बहुत मुश्किल है। खासकर अर्थव्यवस्था की नजर से। पुराने समय में तो कहा जाता कि कोरोना संकट से उबरने की कोशिश में जुटी दुनिया की अर्थव्यवस्था एक दोराहे पर खड़ी है। एक तरफ वे लोग हैं, जिन्हें डेल्टा वेरिएंट का असर खत्म होता दिख रहा है और वे आर्थिक तरक्की, यानी जीडीपी बढ़ने की रफ्तार तेज होती देख रहे हैं। तो दूसरी ओर वे हैं, जिन्हें लगता है कि अव्वल तो बीमारी अभी गई नहीं है, और अगर मान भी लें कि महामारी कमजोर पड़ गई है, तब भी इसने जो घाव दिए हैं, उनका जल्द भरना मुश्किल है।

लेकिन आज का हाल तो यह है कि जिधर देखें, उधर से एक अलग तरह का संकेत नजर आता है। कुछ वैसा भाव है, मानो आप किसी भूलभुलैया में फंस गए हों, हर तरफ रास्ते ही रास्ते हैं, लेकिन पता नहीं है कि इनमें से कौन सा रास्ता मंजिल तक पहुंचाएगा और कौन सा और गहरी उलझन में फंसा देगा। अर्थव्यवस्था में तरक्की की बात करनी हो या मुसीबत की, बात शुरू तो चीन से ही होती है। कोरोना से मुकाबले में चीन की सच्ची या झूठी सफलता की कहानियों के बीच अचानक उसकी दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रांड के कर्ज-संकट की खबर आ गई। लगभग तीन खरब डॉलर के कर्ज में दबी इस कंपनी का बाजार-भाव चीन की जीडीपी के दो फीसदी के बराबर है, और जितना कर्ज इसने ले रखा है, वह देश के बॉण्ड बाजार में 16 प्रतिशत के बराबर है। चीन के 280 शहरों में इसके प्रोजेक्ट्स हैं और देश के बाहर 200 और देश के भीतर 2,000 छोटी-बड़ी कंपनियां उसके ग्रुप का हिस्सा हैं। इनमें दो लाख से ज्यादा लोग नौकरी करते हैं। इससे समझिए कि एवरग्रांड के डूबने या आर्थिक संकट में फंसने की खबर कितने लोगों को मुसीबत में डाल सकती है। एकदम यही हुआ। न सिर्फ चीन के, बल्कि दुनिया भर के शेयर बाजार में जो तेज गिरावट आई, उससे एक ही दिन में एलन मस्क, जेफ बेजोस, वॉरेन बफे और ऐसे ही दूसरे निवेशकों को कुल मिलाकर 26 अरब डॉलर की चपत लगी। दुनिया भर के शेयर बाजारों में निवेशकों को 2.2 लाख करोड़ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा। चीन की सरकार इस संकट से निकलने की कोशिश कर ही रही थी कि दूसरी मुसीबत आई। देश के तीन प्रांतों में दसियों लाख घर अंधेरे में डूब गए, जिसकी वजह पीक डिमांड के समय पर बिजली की राशनिंग, यानी कटौती बताया गया। इतने पर बस नहीं है, चीन के पूर्वी व दक्षिण-पूर्वी तटवर्ती इलाकों में हजारों फैक्टरियों की बिजली काट दी गई। कारखानों के लिए प्रदूषण के नए नियम लागू कर दिए गए हैं, जिसका नतीजा है कि एपल और टेस्ला जैसी कंपनियों के बड़े आपूर्तिकर्ताओं का काम भी रुक गया है और उनका उत्पादन ठप हो गया। गोल्डमैन सैक्स ने हिसाब लगाया है कि चीन के औद्योगिक उत्पादन में सिर्फ इस वजह से 44 फीसदी की गिरावट आ सकती है। चीन में अगर इस वक्त उत्पादन गिरेगा, तो यूरोप और अमेरिका समेत दुनिया के बहुत बड़े हिस्से में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की आपूर्ति कम हो जाएगी।

त्योहारों का मौसम आ रहा है। ऐसे में, अगर माल नहीं पहुंचा, तो सेल लगने के बजाय माल की किल्लत और मुनाफाखोरी का खतरा खड़ा हो जाएगा। महंगाई का आलम पहले ही यह है कि जर्मनी में इसका आंकड़ा 29 साल की नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। बात चीन की ही नहीं है। इंग्लैंड में भी कई जगह पेट्रोल पंपों पर बोर्ड लग गए हैं कि ईंधन नहीं हैं। और नैचुरल गैस के दामों में तेजी की वजह से कई कंपनियां मुसीबत में आ गई दिखती हैं। पेट्रोल-डीजल के दाम आठ साल की नई ऊंचाई पर हैं, और किल्लत का आलम यह है कि सरकार ने फौज को तेल की आपूर्ति के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है।

साइबर फ्रॉड ठगी से रहें सावधान

कुमार अभिनव

> इस समय सोशल मीडिया की पहुंच युवा से लेकर बूढ़े तक पहुंच चुकी है। और तथ्य यह है कि युवा और बूढ़े मुख्य रूप से इससे प्रभावित होते हैं। उदाहरण के लिए, लॉकडाउन की अवधि ने साइबर अपराधियों के लिए उनका सीधा फायदा उठाना बहुत आसान बना दिया है। नतीजतन, साइबर अपराधियोंको अपराध करने से नहीं रोका जा सका है। कोविड-19 महामारी के चलते अधिकतर जगहों पर डिजिटल लेनदेन हो रहा है। ज्यादातर साइबर अपराधी छुट्टियोंको निशाना बनाकर ऐसे घोटालों में शामिल होते हैं। वर्तमान में साइबर अपराधी आकस्मिकताओंका लाभ उठाने के लिए हमला कर रहे हैं। इससे हैकर्स इंटरनेट उपयोगकर्ताओं से महत्वपूर्ण डेटा चुरा सकते हैं या उपयोगकर्ता के डिवाइस को नियंत्रित कर सकते हैं और भविष्य के हमलों के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, साइबर अपराधी इंटरनेट उपयोगकर्ताओंको धोखा देने के लिए नकली वेबसाइट बनाते हैं और विभिन्न सामाजिक नेटवर्क के माध्यम से इस बात को फैलाते हैं।

इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ, पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। साइबर कानूनका मुख्य उद्देश्य कंप्यूटर अपराध, ऑनलाइन डेटा चोरी और इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन में धोखाधड़ी को रोकना है। इसके अलावा साइबर अपराधियों के लिए आईटी एक्ट की विभिन्न धाराएं हैं, जिसके तहत उन्हें सजा दी जाती है। देश के आधे (52त्न) इंटरनेट उपयोगकर्ता इस बात को लेकर भ्रमित हैं कि साइबर अपराध से खुद को कैसे बचाया जाए, और इससे भी अधिक (68त्न) का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि वे जो जानकारी ऑनलाइन देखते हैं वह किसी विश्वसनीय स्रोत से आती है या नहीं। जिसका सीधा फायदा साइबर अपराधियोंको होता है। इस समय सोशल मीडिया की पहुंच युवा से लेकर बूढ़े तक पहुंच चुकी है। और तथ्य यह है कि युवा और बूढ़े मुख्य रूप से इससे प्रभावित होते हैं। उदाहरण के लिए, लॉकडाउन की अवधि ने साइबर अपराधियों के लिए उनका सीधा फायदा उठाना बहुत आसान बना दिया है। नतीजतन, साइबर अपराधियोंको अपराध करने से नहीं रोका जा सका है। कोविड-19 महामारी के चलते अधिकतर जगहों पर डिजिटल लेनदेन हो रहा है। ज्यादातर साइबर अपराधी छुट्टियोंको निशाना बनाकर ऐसे घोटालों में शामिल होते हैं। वर्तमान में साइबर अपराधी आकस्मिकताओंका लाभ उठाने के लिए हमला कर रहे हैं। इससे हैकर्स इंटरनेट उपयोगकर्ताओं से महत्वपूर्ण डेटा चुरा सकते हैं या उपयोगकर्ता के डिवाइस को नियंत्रित कर सकते हैं और भविष्य के हमलों के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, साइबर अपराधी इंटरनेट उपयोगकर्ताओंको धोखा देने के लिए नकली वेबसाइट बनाते हैं और विभिन्न सामाजिक नेटवर्क के माध्यम से इस बात को फैलाते हैं। हैकर्स पहले, वो आपको आपके इनबॉक्स में आपके पसंदीदा ब्रांड के 'विशेष ऑफर' भेजेंगे। फिर, वे आपको आपकी खरीद की डिलीवरी के बारे में एक ईमेल भेजेंगे, और जैसे ही जनता ऐसी वेबसाइट के माध्यम से कुछ सामान खरीदती है, वे अप्रत्याशित ग्राहक से ऑनलाइन भुगतान करनेका आग्रह करते हैं और भुगतान होने के बाद ग्राहकको कभी भी ऑर्डर किया गया सामान प्राप्त नहीं होता है। और इस तरह के प्रभाव मुख्य रूप से

> साइबर अपराध कंप्यूटर नेटवर्क के माध्यम से की जाने वाली आपराधिक गतिविधि है। जबकि ज्यादातर साइबर क्राइम फायदे के लिए किए जाते हैं। जिसमें कंप्यूटरको हैकिंग, फिशिंग अपराध माना जाता है और इसका उपयोग किसी भी अपराध या अपराधी (चोरी, जासूसी, चाइल्ड पोर्नोग्राफी और अन्य घृणा अपराध) को करने के लिए एक उपकरण के रूप में किया जाता है। विभिन्न एयरलाइनों और बसों ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था की है। त्योहारों और कार्यक्रमों के लिए टिकट खरीदते समय जनताको विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि हर साल एक साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट के अनुसार टिकट बुकिंग पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

त्योहारोंको लक्षित करके साइबर अपराधियोंद्वारा देखे जा सकते हैं। साइबर अपराध कंप्यूटर नेटवर्क के माध्यम से की जाने वाली आपराधिक गतिविधि है। जबकि ज्यादातर साइबर क्राइम फायदे के लिए किए जाते हैं। जिसमें कंप्यूटरको हैकिंग, फिशिंग अपराध माना जाता है और इसका उपयोग किसी भी अपराध या अपराधी (चोरी, जासूसी, चाइल्ड पोर्नोग्राफी और अन्य घृणा अपराध) को करने के लिए एक उपकरण के रूप में किया जाता है। विभिन्न एयरलाइनों और बसों ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था की है। त्योहारों और कार्यक्रमों के लिए टिकट खरीदते समय जनताको विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि हर साल एक साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट के अनुसार टिकट बुकिंग पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बीते कुछ दिनों से वॉट्सऐप,फेसबुक वीडियो कॉल स्कैम किया जा रहा है। साइबर अपराधियों सोशल मीडिया (जैसे फेसबुक)पर उपयोगकर्ताओंको लड़की की फेक प्रोफाइल बनाकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते आ रहे है। फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार कर लेने के कुछ दिन बाद सोशल मीडिया के माध्यम से अपने व्हाट्सएप, वाइबर, इमो आदि नंबरोंका पता लगाकर वे वीडियो कॉल करते है और अश्लील हरकतें करने लगेंगे और वीडियो रिकॉर्ड कर लेंगे। बाद में वे वीडियो के आधार पर आपको धमकाना शुरू कर देते हैं। यदि आप उनको मागे हुवे पैसाका भुगतान नहीं करते हैं, तो यह वीडियो आपके फेसबुक पर साझा किया जाएगा। साइबर सुरक्षा विश्लेषक कुमार अभिनवका कहना है किसीको बदनाम करने के लिए साइबर अपराधी फोटो या वीडियो मॉर्फ करते है और न्यूड फोटो या वीडियो में तब्दील किया जाता है और उसे वायरल कर कर रहे हैं । ऐसे आपराधिक समूह मुख्य रूप से समाज में महिलाको लक्षित करते आरहे हैं। अभिनवका कहना है जागरूकता के अभाव में ही लोग किसी भी चीज़ पर भरोसा करके गलतियां कर बैठते हैं जिससे हैकर्स के लिए साइबर क्राइमको अंजाम दे पाना बेहद आसान हो जाता है ।अभिनव कहता हैं कि इन सबसे बचनेका सबसे सरल उपाय ये है कि आप जो भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म स्तेमाल कर रहे हों, जैसे फेसबुक पर अन्जान व्यक्तियो के साथ मत जुडे। अन्जान व्यक्तियो के साथ किए हुवे बातेको सबूत के तौर पर स्क्रीनशॉट और रिकॉर्डिंग अपने पास भी रखें। व्हाट्सएप, वाइबर, इमो आदि नंबरोंको किसी अन्जान व्यक्तियो के साथ सेयर मत कीजिए ।अपने व्हाट्सएप, वाइबर, इमो आदि नंबरों पर आने वाली अनजान वीडियो कॉल लेने से पहले कैमरेको कवर करें।आप नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर जाकर या cybercrimegov.in पर जाकर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। साइबर शाखा ऑनलाइन और ऑफलाइन दर्ज की गई शिकायतों पर डील करता है। फर्जी ईमेल आईडी, कस्टमर केयर नंबर आदि के बहकावे में न आएं। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत पहचान न पेश करें। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्सका इस्तेमाल मुख्य रूप से साइबर अपराधी आम जनता को लुभाने के लिए करते हैं। इंटरनेट पर मौजूद साइबर अपराध के प्रकारों से खुद को शिक्षित करके, आप उन सभी ऑनलाइन अपराधों से अवगत हो जाते हैं। जब आप मैसेंजर पर ईमेल चेक कर रहे हों या चैट कर रहे हों, तो किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए मैसेज के साथ अटैच किए गए लिंक पर क्लिक करते समय सावधान रहें। यदि आप किसी साइबर अपराध में शामिल रहे हैं, तो आप नजदीकी पुलिस स्टेशन या पुलिस मुख्यालय में जाकर साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि आप शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, तो आप ई-मेल के माध्यम से पुलिस में शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं।

कन्हैया कुमारः कांग्रेस के कंधो पर बेताल

प्रवीण गुगनानी

> कांग्रेस में वामपंथ का दैहिक व मानसिक प्रवेश कोई पहली बार नहीं हुआ है. ऐसी निर्लज्जता कांग्रेस ने कई बार दिखाई है. वामपंथियों का प्रभाव कांग्रेस पर नेहरुकाल से लेकर राहुलकाल तक बड़ा भारी रहा है, या यूं कहें कि कांग्रेस को बड़ा भारी पड़ा है. कांग्रेस के स्वतन्त्रतापूर्व के समूचे वैचारिक आधार को आमूलचूल समाप्त करके कम्युनिस्टों ने कांग्रेस को हिंदू विरोधी, संस्कृति विरोधी, भारत के मूल इतिहास की विरोधी और न जाने क्या क्या बना दिया है. ये कम्युनिस्ट ही थे जिन्होंने नेहरू के सर पर चढ़कर स्वतंत्र भारत में गैर हिंदू होने का ऐसा पैशाचिक पाठ पढ़ाया कि भारत में एक बड़ा वर्ग स्वयं को हिंदू कहने में लज्जा का आभास करने लगा।

विक्रम और बेताल की कथा अब आधी अधूरी दोहराई जा रही है. किंतु इस कथा में अब विक्रम तो है नहीं मात्र बेताल है जो अब विपन्न और विस्थापित कांग्रेस के कंधों पर सवार है. बेताल और कोई नहीं वामपंथ है जिसने बौद्धिक, वैचारिक और सेद्धान्तिक रूप से कांग्रेस को खोखला कर दिया है. भाजपा के नारे ÷कांग्रेस मुक्त भारत÷ पर मैंने एक पुस्तक लिखी थी ÷कांग्रेस मुक्त भारत की अवधारणा÷ इस पुस्तक को मैंने कांग्रेस की आलोचना में नहीं अपितु कांग्रेस के प्रति चिंतित होकर लिखा था. कांग्रेस के प्रति अब उतना चिंतित नहीं रहना चाहिए. कांग्रेस आत्मघात के परम मूड में है. विशेषतः अब कन्हैया कुमार के कांग्रेस में उत्सवपूर्वक स्वागत व प्रवेश के बाद तो यह स्पष्ट हो गया है. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने अब तक की सबसे बड़ी वर्जना को तोड़ा है एक युग पार कर लिया है. भारत की आजादी में भूमिका निभाने वाली कांग्रेस अब ÷हम लेकर रहेंगे आजादी भारत से÷ का नारा लगाने वालो के साथ ही नहीं बल्कि ऐसे देशद्रोही तत्वों की दया, कृपा, संबल, के साथ खड़ी दिख रही है. कन्हैया कुमार ने हमारी न्यायपालिका को हत्यारा कहा, हमारी वीर सेना को बलात्कारी कहा, भारत तेरे टुकड़े होंगे कहा, अफ्जल हम शर्मिंदा हैं कहा, और फिर वे कांग्रेस में प्रवेश पाने योग्य समझ लिए गए। उन्होंने कांग्रेस प्रवेश के समय जो कहा वह तो निस्संदेह कांग्रेसियों के लिए लाज-लज्जा से डूब मरने वाली बात है; कन्हैया ने कहा - यदि देश की सबसे बड़ी विपक्षी दल को नहीं बचाया गया तो देश डूब जाएगा. अर्थात, कांग्रेस डूब रही है और कांग्रेस को डूबने से बचाने के लिए कन्हैया का कांग्रेस प्रवेश ही एकमात्र उपाय है अब. आश्चर्य है कि पुरे देश में चल रहा यह चुटकुला राहुल गांधी की कांग्रेस को समझ नहीं आ रहा है. तो, कन्हैया नाम का बेताल अब

कांग्रेस के कंधों पर बैठकर एक नई पैशाचिक कहानी लिखेगा. कुछ और अधिक विषैले, विभाजक, वितृष्णा भरे नारे लिखे जाएंगे और ÷भारत तेरे टुकड़े होंगे÷ वाले लोगों के साथ अब गांधी टोपी वाले भी नारे लगाते दिखेंगे. कांग्रेस के इतिहास में ऐसे सैकड़ो लज्जाजनक, खेदजनक दिन होंगे पर इससे बुरा दिन संभवतः आपातकाल लगाने के दिन जैसा एकाध ही दिखेगा. कम्युनिज्म के प्रणेता व पुरोधा कार्ल मार्क्स थे. वही कार्ल मार्क्स, जिन्होंने अपने मृत्यु समय में प्रसन्नता पूर्वक कहा था - अच्छा हुआ मैं मार्क्सिस्ट न हुआ÷. कांग्रेस का वामपंथ व मार्क्सिज्म से स्वातंर्त्योत्तर समय के प्रारंभ से है गहरा नाता रहा है. कांग्रेस के पास कोई वैचारिक आधार, आर्थिक विचार, विकास की अवधारणा, सामाजिक अवधारणा तो थी ही नहीं. एकमात्र गांधी जी थे वे दुर्योग से चले गए. इस वैचारिक विपन्नता में नेहरुजी का अंग्रेजपरस्त मानस कांग्रेस की पूँजी बना. कांग्रेस का इतिहास कांग्रेस के पहले और अंतिम प्रधानमंत्री के व्यक्तव्यों के बीच का दुखद इतिहास बनकर रह गया. कांग्रेस के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरु ने कहा ÷मैं दुर्घटनावश हिंदू हूं÷ और कांग्रेस के अंतिम प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा - ÷ इस देश के संसाधनों पर प्रथम अधिकार अल्पसंख्यकों का है÷. संक्षेप में अब तक की कांग्रेसी वैचारिक यात्रा का सार इन दो व्यक्त्वयों में ही है. और अब, कन्हैया कुमार के नारों की दुर्गंध भरी टोकनी अपने सर पर रखी हुई कांग्रेस हमारे सामने है. कन्हैया कुमार का नारा अफ्जल हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल जिंदा है और हम लेकर रहेंगे आजादी - भारत से यह अब कांग्रेस के मेनिफेस्टो भाग है।

कांग्रेस में वामपंथ का दैहिक व मानसिक प्रवेश कोई पहली बार नहीं हुआ है. ऐसी निर्लज्जता कांग्रेस ने कई बार दिखाई है. वामपंथियों का प्रभाव कांग्रेस पर नेहरुकाल से लेकर राहुलकाल तक बड़ा भारी रहा है, या यूं कहें कि कांग्रेस को बड़ा भारी पड़ा है. कांग्रेस के स्वतन्त्रतापूर्व के समूचे वैचारिक आधार को आमूलचूल समाप्त करके कम्युनिस्टों ने कांग्रेस को हिंदू विरोधी, संस्कृति विरोधी, भारत के मूल इतिहास की विरोधी और न जाने क्या क्या बना दिया है. ये कम्युनिस्ट ही थे जिन्होंने नेहरू के सर पर चढ़कर स्वतंत्र भारत में गैर हिंदू होने का ऐसा पैशाचिक पाठ पढ़ाया कि भारत में एक बड़ा वर्ग स्वयं को हिंदू कहने में लज्जा का आभास करने लगा. बाद में इसी कम्युनिज्म के रंग में रंगी कांग्रेस के एक बड़े नेता ने ÷भगवा आंतकवाद÷ जैसा विद्रूप शब्द भी गढ़ा और इस शब्द को स्थापित करने में तो जैसे समूची कांग्रेस ही लग गई थी।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

स्मृतियों की घटा

स्मृतियों की घटा घिरीं हैं, मिलन लता मुरझाय गिरीं हैं, खुशियाँ सब दुखिआय फिरीं हैं। बँधी जो तेरे पाँव में। उड़े पखेरु उन्मादों के, बुझे दीप सब संवादों के, चहुँ दिश झंझा परिवादों के। रहे जो सुख की छाँव में।। जख्मों की सूरत निखरीं हैं, आरजू तवाफ़े भी बिखरीं हैं, नेक नेमतें सब सिसकीं हैं। लगी द्रोपदी दाँव में। - **देवयानी भारद्वाज**

दुनिया का सबसे

दुनिया का सबसे ज्यादा बोला जाने वाला झूठ है। मैं ठीक हूं प अक्षर से समस्त शब्द का उच्चारण इंसान को बहुत प्रिय है। हम जिंदगी भर प अक्षत के पीछे भागते रहते हैं। जो मिलता है वह भी प से और जो नहीं मिलता वह भी प से पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री, पापा, परिवार, प्रेम, पैसा, पद, प्रतिष्ठा,प्रशंसा , प्रचार, प्यार हर कोई प अक्षत के पीछे भागता रहता है और और प हम से पाप भी करता है। - **गौरी पटले**

खास पाती | गांधी की छवि नोट पर ही

गाँधी की छवि नोट पर ही नहीं एक एक भारतीय के हृदय पर छपी हुई है । गाँधी की छवि को धूमिल करना सबसे बड़ा देशद्रोह है और उपर से भक्ति करना छद्म देशभक्ति , जो मौजूदा सरकार को जनता को दिखाने के लिए करनी पड़ती है क्योंकि उन्हें भी पता है कि गाँधी का व्यक्तित्व इतना ऊँचा है कि उसे धूमिल करने का प्रयास जनता के हृदय पर कोई खास प्रभाव नहीं डालता। जिन्हें यह लगता है कि चरखे से आजादी नहीं मिली वीरों के बलिदान से मिली उन्हें यह बताना है कि चरखा नहीं चला होता तो एक बड़ी जनसंख्या शहीद हो गई होती, और भी क्रूरता फैली होती ,और लाशें बिछतीं।गाँधी ने मानवता के साथ मानव की भी रक्षा की। **-सृष्टि सिंह**

साधु-संत की कीजिए भलीभांति

साधु-संत की कीजिए, भलीभांति पहचान। अंधभक्त बनिए नहीं, कहता हिंदुस्तान।। दाढ़ी-मूंछ बढ़ाय के, रखकर लंबे केश। ढोंगी मौज उड़ा रहे, बदल-बदल कर वेश।। मठ-मंदिर को कर रहे, काग-गिद्ध बदनाम। ऋषि-मुनियों के देश में, ये सब क्या श्रीराम।। जिनके चरणों में सदा, लोटें भोले लोग। वे बाबा भी देखिए, कष्ट रहे हैं भोग।। नामाजादी साधु ने, फांसी लई लगाय। चिंतन इस पर कीजिए, दीजै अपनी राय। **-राजकुमार धर द्विवेदी**

तेरे ख्वाब को हर रात को बुनता

तेरे ख्वाब को हर रात को बुनता रहा न जाने फिर रात-ए-सबेरा हो गया पता भी नहीं चला हैं खिलता हुआ बगियाँ अब भी वहीं पर सुखी हुई पत्तियों का ढेर हो रही जो खिले फूलों में अब महेक ही नहीं तेरे ख्वाब को हर रात को बुनता रहा न जाने फिर रात-ए-सबेरा हो गया पता भी नहीं चला। **-सोनू कुमार आकाश**

इशारों इशारों में क्या बात

इशारों इशारों में क्या बात की झड़ी लग गयी है सवालात की सिफारिश हवाएँ भी करने लगीं महकते हुए उसके जज़्बात की उसूलों को अपने बदलते हैं रोज़ मगर बात करते हैं सुकरात की । अभी घर का छप्पर डला भी न था , चली आई रुत भी ये बरसात की । वो लगने लगी जैसे हो खुदकुशी , खुशी जब मिली हमको ख़ैरात की । कभी आप भी रूबरू आइए , वो ख़्वाहिश है ज़िंदा मुलाक़ात की । कलम चल पड़ी हम भी कहने लगे , ये नेमत है उसकी करामात की। **-राजेश श्रीवास्तव 'प्रखर'**

जीवन एक यात्रा यात्रा में भी



जीवन एक यात्रा यात्रा में भी अनेकों यात्रा खत्म हुई नहीं शुरू हो गयी फिर नयी घटनाओं और दुर्घटनाओं के मध्य खुशी और गम की बारात लिए बार बार मरना मरकर जीना बार बार है न कितनी अजीब यात्रा मगर इस बार की यात्रा लौट जाने को वहीं शुरू हुई थी जहाँ से कभी।- **प्रेरणा गुप्ता**

अभी हार कर मत बैठो कुछ



अभी हार कर मत बैठो कुछ और दूर तक संग चलो दीपक बन उजियारा दो, है अंधियारो से जंग, जलो पैरो के छाले मत देखो, गिनो न बूंद पसीनो की देह सजानी है तो देह पर महनत का बस रंग मलो।

- **शालिनी शर्मा**

अभिव्यक्ति की आजादी हर इंसान

अभिव्यक्ति की आजादी हर इंसान को है जरुरी नही है कि हमें हर बात दूसरों की पसंद ही आये हम सब पढ़े लिखे इंसान हैं जानवर तो नही अपनी नापसंदगी शालीनता से भी तो दर्ज करा सकते हैं व्यक्तिगत आरोप कहाँ तक उचित है। - **सुनिता पुष्पराज पाण्डेय**

QUIZ TIME

1) निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किस राज्य द्वारा मिशन निर्यातक बनो अभियान शुरू किया गया?
2) औद्योगिक रोबोट सॉफ्टवेयर के निर्माण के लिए 'इंट्रिंसिक' किस संगठन द्वारा शुरू की गई एक नई कम्पनी है?
3) 'लेपचा' व 'हो' जनजातियाँ सामान्यतः भारत के किस भाग में पाई जाती है?
4) कौन-सा खनिज 'कोडुराइट' अन्तर्वेधी चट्टान से संबंधित है? (लोहा / कॉपर / मैंगनीज / काओलिन)
5) 105 वर्षीय मान कौर, जिनका हाल ही में निधन हो गया है, किस खेल आयोजन से जुड़ी थी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) राजस्थान (2) अल्फाबेट (3) उत्तर-पूर्वी भारत (4) मैंगनीज (5) दौड़

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1676 - ईस्ट इंडिया कंपनी में पहली बार भारतीय मुद्रा प्रचलन में आई 1 1789 - पेरिस की महिलाओं ने फ्रांस की क्रांति के दौरान मार्च निकाला 1 1793 - फ्रांस में ईसाई धर्म विस्थापित किया गया 1 1805 - लार्ड कार्नवालिस का निधन जो की भारत में ब्रिटिश राज के दूसरे गवर्नर जनरल थे ! 1864 - कलकत्ता में भयंकर चक्रवात से करीब पांच हजार लोगो की मौत 1 1910 - पुर्तगाल में राजशाही सासन को ख़त्म करके पहली बार चुनाव कराये गये 1 1915 - बुल्गारिया प्रथम विश्व युद्ध में शामिल हुआ 1 1937 - हिन्दी के प्रसिद्ध उपान्सकार दुर्गा प्रसाद खत्री का निधन1 1944 - फ्रांस में महिलाओ को वोट देने का अधिकार मिला 1 1948 - तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्क़ाबात में भयंकर भूकम्प से लाखो लोगो की मौत हुई1 1981 - हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार भगवतीचरण वर्मा का निधन 1 1988 - ब्राजील की संविधान सभा ने अपना खुद का संविधान तैयार किया 1 1989 - सुप्रीम कोर्ट में मीरा साहिब बीवी को पहली महिला जज बनाया गया1 2008 - सेतु समुंद्रम परियोजना के लिए और दूसरी जगहों का परीक्षण शुरू किया 1 2011 - भारत में दुनिया का सबसे सस्ता टैबलेट पीसी पेश किया गया 1 2011 - एप्पल ने आईफोन 4एस पेश किया 1 2011 - ऐपल के पूर्व मुख्य कार्यकारी और सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स का निधन।

कंगना रनौत ने तेजस के सेट से तस्वीर शेयर की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म तेजस के सेट से तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह एयरफोर्स के जवानों के साथ दिख रही हैं। कंगना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर तेजस के सेट से तस्वीर शेयर की है। तस्वीरों में कंगना ने ब्लू कलर की ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें उनकी फिल्म तेजस का नाम लिखा हुआ है। पहली तस्वीर में कंगना के साथ भारतीय वायु सेना के दो जवान सेल्फी लेते देख जा सकते हैं। दूसरी और तीसरी तस्वीर एक ग्रुप फोटो है, जिसमें कंगना वायु सेना के हैलीकॉप्टर के आगे खड़े होकर पोज दे रही हैं। इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर कंगना ने लिखा, ÷जब हम अपनी फिल्म तेजस की शूटिंग कर रहे थे। तभी असली वायु सेना के अधिकारी और जवान उतरे तो मेरी हीरोगिरी पूरी तरह से फैनगिरी में बदल गई।वे इस आने वाली फिल्म के बारे में पहले से ही जानते थे और इसे देखना के लिए बेहद उत्सुक दिखाई दिए। ये मुलाकात बिल्कुल सुखद और उत्साहजनक थी।

मशहूर गीतकार जावेद अख्तर के खिलाफ एफआईआर

मुंबई। आरएसएस के खिलाफकथित टिप्पणी के आरोप में मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड के मशहूर गीतकार जावेद अख्तर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा स्थानीय वकील संतोष दुबे की शिकायत पर दर्ज किया गया है। जावेद अख्तर ने आरएसएस की तुलना तालिबान से की थी। सार्वजनिक मंचों या फिर सोशल मीडिया पर बॉलीवुड गीतकार जावेद अख्तर काफी सक्रिय रहते हैं। इसके अलावा वो अपनी बयानबाजी को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। इस बार उनका बयान उनके लिए गले की फांस बन गया है। आरएसएस की तुलना तालिबान से करने के मामले में मुंबई पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एएनआई को दिए अपने बयान में एक पुलिस अधिकारी के कहा, स्थानीय अधिवक्ता संतोष दुबे की शिकायत पर मुलंद थाने में जावेद अख्तर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अधिकारी के अनुसार, ÷भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि के लिए सजा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

खेसारी और काजल राघवानी की फिल्म 'प्यार किया तो निभाना' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनेता खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री काजल राघवानी की फिल्म 'प्यार किया जो निभाना' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

'प्यार किया तो निभाना' का ट्रेलर इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है, जो वायरल हो रहा है। यशी फिल्म्स के बैनर तले यह फिल्म बनायी गयी है। फिल्म का निर्देशन रजनीश मिश्रा ने किया है।

अभय सिन्हा ने फिल्म को लेकर कहा कि भोजपुरी दर्शकों के लिए यह दशहरा यादगार होने वाला है। इसलिए सबों से अपील होगी कि आप फिल्म को सिनेमाघरों में जाकर जरूर देखें। गौरतलब है कि फिल्म 'प्यार किया जो निभाना' में खेसारीलाल यादव और काजल राघवानी के साथ संजय महानंद, दीपक सिन्हा, माया यादव, अनन्या बोरह, महिमा गुप्ता और हिंडोला चक्रवर्ती मुख्य भूमिका में हैं। निर्माता अभय सिन्हा, रंजीत सिंह और प्रशांत जम्मूवाला हैं। रजनीश मिश्रा निर्देशक हैं।

अरविंद अकेला कल्लू का देवी गीत 'ए मइया हो' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री ऋतु चौहान का देवी गीत 'ए मइया हो' रिलीज कर दिया गया है।

'ए मइया हो' गाने को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने को अरविंद अकेला कल्लू ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। इस गाने में अरविंद अकेला कल्लू के साथ ऋतु चौहान नजर आ रही हैं।

'ए मइया हो' सांग अरविंद अकेला कल्लू का बेहद ही एंटरटेनिंग देवी गीत है, जिसमें कल्लू और ऋतु चौहान का अंदाज बिल्कुल अलग है। 'ए मइया हो' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं, गीत को आरआर पंकज ने लिखा है, जबकि संगीतकार रौशन सिंह हैं।

करीना कपूर ने ननद सोहा अली खान की खोली पोल

मुंबई। सैफअली खान की बहन सोहा का आज बर्थडे है। इस मौके पर उनके करीबी और वेलविशर्स सोशल मीडिया पर उन्हें विश कर रहे हैं। उनके पति कुणाल खेमू और भाभी करीना कपूर ने उनके लिए बर्थडे पोस्ट किया है। करीना ने सोहा-कुणाल की शादी की तस्वीर के साथ एक मजेदार मेसेज लिखा है। करीना ने सोहा के साथ अपनी पहली ट्रिप का जिक्र किया है और बताया है कि उन्होंने अनोखे तरीके से चिकन खाया था। करीना कपूर ने फोटो के साथ लिखा है, उस वक्त से जब मैं उनके साथ अपने पहले हॉलीडे के लिए मालदीव गई थी, जहां मैंने देखा कि उन्होंने पानी के ग्लास में चिकन धोया (मसाला हटाने के लिए) और बस ऐसे ही खा गई... मैं जानती थी कि वह काफी कूल हैं।

न्यूज गैलरी

'बैन नहीं नियमन' चाहता है 'रॉकेटिया' तेज़ी वाला भारत का ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर

अहमदाबाद (वार्ता)। दुनिया-भर में उथल पुथल मचाने वाले कोरोना संकट के बावजूद भारत में रॉकेट जैसी तेज़ी से बढ़ रहे ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को कई तरह की पेचीदगियों और चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। लंदन आधारित पेशेवर सेवा प्रदाता अर्न्स्ट एंड यंग और भारतीय व्यापार जगत की अग्रणी संस्था फ़िक्की की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार भारत में ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र ने वर्ष 2019 के दौरान 40 प्रतिशत की दर से वृद्धि की और सालाना राजस्व 6500 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। वर्ष 2022 तक इसके क़रीब तीन गुना बढ़ कर 18700 करोड़ हो जाने की उम्मीद थी। ऑनलाइन गेम्स खेलने वालों की संख्या वर्ष 2010 के मात्र ढाई करोड़ से क़रीब 14 गुना बढ़ कर अब 36 करोड़ से अधिक हो गयी है। फ़िक्की और अर्न्स्ट एंड यंग की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार महामारी की विश्वव्यापी चुनौतियों के बावजूद ऑनलाइन गेमिंग ने भारत में 2020 में भी 18 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। खेलने वालों की संख्या भी 20 फ़ीसदी बढ़ी। हालांकि राजस्व वृद्धि दर पिछले साल की तुलना में कुछ कम हो गयी और इसकी वृद्धि का अनुमान भी पूर्व अनुमानित 40 प्रतिशत से घट कर 27 प्रतिशत रह गया। इसका कारण तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों में प्रतिबंधों को माना जा रहा है।

देश के युवाओं द्वारा स्वछता के लिए एक अनोखा कदम

रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय राजधानी में इज़ीस्पिट का अनावरण किया गया है, जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत की मुहिम को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में अभिनेता सुनील शेट्टी समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थित दर्ज करवाई । शहर के अशोक रोड स्थित होटल शांगरी ला में आयोजित इस कार्यक्रम में इस इनोवेशन (अविष्कार) को देश को समर्पित गया. यह इनोवेशन एक क्रन्तिकारी उत्पाद है जो आपको कहीं भी कीटाणु फैलाने के डर के बिना थूकने की आजादी देता है। 7 साल के अध्ययन और परिश्रम से देश के तीन युवाओं द्वारा रितु मल्होत्रा,प्रतीक हरडे और प्रतीक कुमार मल्होत्रा द्वारा इस अनोखे इनोवेशन का निर्माण किया गया है। शुरुवाती दौर में यह इनोवेशन छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर समेत गुजरात , बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान, तेलंगाना, हरियाणा व पश्चिम बंगाल की मार्किट में उतारा जायेगा। इस स्टार्टअप का

उद्देश्य सार्वजनिक जगह थूकने की बढ़ती समस्या पर अंकुश लगाने के लिएभारत मे इको-फ्रेंडली स्पिटून के उत्पाद के बारे में जागरूकता फैलाना है. यह अभियान मानव थूक के कचरे से पौधों को विकसित करने के विचार के साथ बनाया गया है। इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए इज़ीस्पिट की को-फाउंडर रितु मल्होत्रा और उनकी टीम ने कहा, हमें यकीन है कि यह सार्वजनिक जगह थूकने के धारणा को तोड़ देगा और इस अभियान का उद्देश्य व्यक्तियों केबीच खुले में थूकने से हतोत्साहित करना और बदले में इन पुनः प्रयोज्य स्पिटून के उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह पॉकेट पाउच (10 से 15 बार पुनः प्रयोज्य), मोबाइल कंटेनर (20 ,30,40 बार पुनः प्रयोज्य) और स्पिटबिन (2000 से 5000 बार पुनः प्रयोज्य) में उपलब्ध है, इज़ीस्पिट स्पिटून में मैक्रोमोलेक्यूल पल्प तकनीक है और यह एक ऐसी सामग्री से लैस है जो लार में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस को लॉक करती है। हम 2015 से इस प्रोडक्ट को बनाने के लिए अध्यन कर रहे थे और आज हम इसे लेकर देश के सामने आये हैं। हमारा यह प्रयास स्वच्छ भारत और आत्मनिर्भर भारत को सफल बनाने का है। सबसे अनोखी बात इसकी पुरी मैन्युफैक्चरिंग महिलाओं की टीम संभाल रही है।

'करो या मरो' वाला मुकाबला खेलने उतरेंगे मुंबई और राजस्थान

शारजाह (वार्ता)। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स यहां मंगलवार को आईपीएल के 'करो या मरो' वाले मुकाबले में आपस में भिड़ेंगे। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दोनों ही टीमों के लिए इस मुकाबले में जीत बेहद जरूरी है, क्योंकि हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, जबकि दूसरी टीम की उम्मीद बरकरार रहेगी और उसे अपना 14वां तथा आखिरी मुकाबला किसी भी हाल में जीतना होगा।

आत्मविश्वास की बात करें तो पिछले मैच में नंबर एक टीम चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हराने के बाद जहां राजस्थान के हौंसले बुलंद हैं, वहीं मुंबई दिल्ली कैपिटल्स से चार विकेट से हार कर आ रही है। नेट रन रेट के लिहाज से भी राजस्थान मुंबई से ऊपर है। दोनों टीमें 12 में से पांच मैच जीत कर 10 अंकों पर हैं, लेकिन राजस्थान का नेट रन रेट -0.337 है, जबकि मुंबई का -0.453 है। अंक तालिका में लगातार बदल रहे समीकरणों के मद्देनजर यह कहना गलत नहीं होगा कि ग्रुप चरण के अंत में नेट रन रेट ही प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम के लिए अहम भूमिका निभाएगा। पंजाब किंग्स के खिलाफ 28 सितंबर को खेले गए मैच में बेशक सौरभ तिवारी, हार्दिक पांड्या और कीरोन पोलार्ड ने अच्छी पारी खेली थी, लेकिन पिछले मैच में दिल्ली जैसे घातक गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उसकी बल्लेबाजी ध्वस्त हो गई थी।

मारुती सुजुकी ने जीता पोंटी चड्ढा फाउन्डेशन कप सीज़न तीन

नई दिल्ली (वार्ता)। वेव ग्रुप की सीएसआर शाखा पोंटी चड्ढा फाउन्डेशन (पीसीएफ) ने सिटीस्केप मीडियाकोम के सहयोग से नोएडा स्थित जेनेसिस ग्लोबल स्कूल में पोंटी चड्ढा फाउन्डेशन (पीसीएफ) कप क्रिकेट का आयोजन किया। तीन अक्टूबर को विदुर कौशिक के नेतृत्व में मारुति सुजुकी एवं वरुण अरोड़ा के नेतृत्व में पी एण्ड पी टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें मारुति सुजुकी ने 4 विकेट से जीत हासिल की। विजेताओं और रनर अप्स को ट्रॉफी एवं गिफ्ट हैम्पर्स से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अरविंद शर्मा, एमपी, हरियाणा और मनोज उपाध्याय, डायरेक्टर एवं डिप्टी अडवाइज़र,एनर्जी एण्ड इंटरनेशनल को.ऑपरेशन नीति आयोग भारत सरकार मुख्य अतिथि थे।

टूर्नामिन्ट के बारे में बात करते हुए मनप्रीत सिंह चड्ढा चेयरमैन वेव ग्रुप ने कहा, '' हमें खुशी है कि कोविड संबंधी सुरक्षा के सभी नियमों एवं ऐहतियातों को ध्यान में रखते हुए हमने पीसीएफ कप का सफलतापूर्वक समापन किया है। हमें गर्व है कि यह प्लेटफॉर्म इंडिया इंक में खेल की भावना और खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है। खेल में हिस्सा लेने वाली टीमों एवं प्रतिबद्ध साझेदारों के साथ हमें उम्मीद है।

मीशो ने 6 से 9 अक्टूबर 2021 तक महा इंडियन शॉपिंग लीग की घोषणा की

नई दिल्ली। भारत के तेजी से बढ़ते इंटरनेट कॉमर्स प्लेटफॉर्म मीशो ने अपने पहले वार्षिक फ्लैगशिप सेल इवेंट महा इंडियन शॉपिंग लीग के लॉन्च की घोषणा की है यह 6 से 9 अक्टूबर 2021 तक चलेगा कंपनी ने चार दिनों की फेस्टिव सेल से पहले 1 लाख से अधिक नए विक्रेताओं को अपने साथ जोड़ा है। मीशो के पहले फ्लैगशिप सेल इवेंट में पहली बार मजेदार गेम्स और शानदार इनाम दिये जायेंगे इससे ग्राहकों को त्यौहार की खरीदारी का बेहतरीन अनुभव मिलेगा ग्राहकों के लिए कुल 20 करोड़ रुपये का प्राइज पूल बनाया गया है और उन टॉप प्राइज में प्रीमियम कार, 1 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार 15 करोड़ रुपये की कीमत वाले मीशो क्रेडिट्स सोने के सिक्के और टीवी रेफ्रिजरेटर माइक्रोवेव लैपटॉप और 2 करोड़ रुपये के अन्य 5000 अप्लायंसेस शामिल हैं।

एचडीएफसी एर्गो ने हिन्दी भाषा में अपनी वेबसाइट लॉन्च की

रायपुर। एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेन्स, निजी क्षेत्र में भारत की प्रमुख गैर-जीवन इंश्योरेन्स कंपनी, ने मंगलवार, 14 सितंबर, 2021 को हिन्दी डे 2021 (हिन्दी भाषा दिवस) को यादगार बनाते हुए अपनी पूर्ण विकसित हिन्दी वेबसाइट को लॉन्च करने की घोषणा की। इसके साथ ही, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेन्स उन कुछ एक ब्राण्ड में शामिल हो गया है, जिन्होंने एक द्विभाषी वेबसाइट (अंग्रेजी और हिन्दी में) की पेशकश की है। एचडीएफसी एर्गो एक डिजिटल-फर्स्ट कंपनी है, जिसने हमेशा देशभर में उपभोक्ताओं को डिजिटल तरीके से सक्षम बनाने पर ध्यान दिया है। इसने सुनिश्चित किया है कि कंपनी की सेवाएं ग्राहकों के लिए आसानी से उपलब्ध हों और उन्हें समझ में आएं। केपीएमजी द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, 521 मिलियन लोग हिन्दी का इस्तेमाल अपनी मुख्य भाषा के तौर पर करते हैं। इसलिये, इस वेबसाइट का कंटेन्ट हिन्दी में उपलब्ध कराया गया है, ताकि देश की बड़ी आबादी आसानी से कंपनी के उत्पादों और सेवाओं को समझ सकें और एक्सेस कर सकें। हिन्दी वेबसाइट के लॉन्च के बारे में शेयर्ड सर्विजस और ऑनलाइन बिजनेसेस के प्रेसिडेंट श्री महमूद मंसूरी ने कहा, ÷हमारे ग्राहक डिजिटल सेल्फ-सर्विस को तेजी से अपना रहे हैं।

हमारी सोच से ज्यादा धीमा था विकेट : मोर्गन

दुबई (वार्ता)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान इयोन मोर्गन ने यहां रविवार को आईपीएल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत के बाद कहा कि उन्होंने जितना सोचा था, विकेट उससे ज्यादा धीमा रहा। इन परिस्थितियों में गेंद पावरप्ले में जल्दी स्विंग हुई, लेकिन यह पिच सुस्त थी।

मोर्गन ने कहा, हमें अच्छी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण की जरूरत थी और हमने यह किया। शुभमन ने बहुत अच्छा खेला और लक्ष्य का पीछा किया। शाकिब के आने से टीम की बल्लेबाजी को गहराई मिलती है। उनके आने से बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। हमें नहीं पता था कि आईपीएल का दूसरा चरण भारत में नहीं खेला जाएगा, लेकिन हमने यहां की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया है और अच्छी तरह से इसमें ढले हैं। हमारा ध्यान अच्छा क्रिकेट खेलने पर है और हमने पिछले तीन हफ्तों में ऐसा किया है। ड्रेसिंग रूम में गेम प्लान का अच्छा असर पड़ा है और लोग हाथ बढ़ा रहे हैं।

बिग बिलियन डेज़ 2021 | ई-कॉमर्स निश्चित रूप से आम जनता के बीच लोकप्रिय हो रहा है

किराना के लिए अभूतपूर्व अवसर तथा ग्राहकों के लिए व्यापक मूल्य

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट के सालाना आयोजन द बिग बिलियन डेज़ के 8वें संस्करण की शुरुआत सकारात्मक तरीके से हो चुकी है और शुरुआती रुझानों से देश में उपभोक्ताओं के उत्साही रवैये का स्पष्ट रूप से अंदाज़ा हो रहा है। साथ ही, एमएसएमई तथा अन्य विक्रेताओं के लिए फ्लिपकार्ट द्वारा उपलब्ध कराए विकास के इन अवसरों को भी देखा जा सकता है।नंदिता सिन्हा, वाइस प्रेसीडेंट कस्टमर एंड ग्रोथ, फ्लिपकार्ट ने कहा, ''इस साल, द बिग बिलियन डेज़ की शुरुआत ग्राहकों और विक्रेताओं के स्तर पर उत्साही भागीदारी के साथ हुई है। ई-कॉमर्स निश्चित रूप से आम जनता के बीच लोकप्रिय हो रहा है

और यह स्पष्ट है कि यूज़र-फ्रैंडली टैक्नोलॉजी तथा फाइनेंस के स्तर पर नई पेशकश के चलते ग्राहकों के बीच इसकी स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। हम आने वाले वर्षों में भी ग्राहकों के लिए बैस्ट वैल्यू और नए फीचर्स एवं सॉल्यूशंस के साथ अपने प्लेटफार्म पर शानदार पेशकश करना जारी रखेंगे। साथ ही, विक्रेताओं एवं एमएसएमई के लिए भी अपने इकोसिस्टम को मजबूती देते रहेंगे ताकि लाखों लोगों के लिए बेहतर आमदनी और आजीविका के साधनों में विस्तार होता रहे। हम आने वाले साल में बेहतर समृद्धि और सभी की खुशहाली की कामना करते हैं।'' फ्लिपकार्ट प्लस ग्राहकों के लिए अर्ली एक्सेस की सुविधा के चलते, पिछले साल के मुकाबले इस बार 40% बढ़त दर्ज की गई है। दिलचस्प बात यह है कि 945% ग्राहक मांग देश के टियर 3 एवं अन्य छोटे शहरों से आयी है जो फ्लिपकार्ट के प्लेटफार्म पर उपलब्ध हाइ वैल्यू गुड्स/आइटम्स को लेकर उनकी प्राथमिकताओं का सूचक है। इस फेस्टिवल के लिए ग्राहकों के स्तर पर पहले से ही काफी उत्साह बन चुका था और करीब 2 मिलियन ग्राहकों ने अर्ली एक्सेस से पहले ही मात्र 1 रु के बदले लगभग 5 मिलियन प्रोडक्ट्स की प्री-बुकिंग करा ली थी। देश में त्योहारों के मौके पर जारी उत्साह के मद्देनज़र, फ्लिपकार्ट ने इस साल ग्राहकों के लिए 'बीबीडी शगुन' की भी पेशकश की है। इस पेशकश के तहत, अर्ली एक्सेस के पहले 12 घंटों में ही 250,000 से अधिक ग्राहकों ने 2 करोड़ रु से अधिक की रकम को रीडीम कराया है। 'बीबीडी स्पेशल्स' के तहत् पेशकश ग्राहकों के बीच मनपसंद बनी हुई हैं और अर्ली एक्सेस के शुरुआती 12 घंटों के भीतर 100,000 से ज्यादा ग्राहकों ने इन प्रोडक्ट्स को ऑर्डर किया है।

शुरुआती रुझानों से यह देखने में आया है कि पाचं में से एक ग्राहक अपने पुराने स्मार्टफोन के बदले नए स्मार्टफोन को खरीदना चाहता है, 82.60% ग्राहकों ने प्रीपेड पेमेंट का प्रयोग करते हुए अपने अगले स्मार्टफोन के भुगतान का विकल्प चुना है।

ट्रांसपोटर्र यूनियन की रणनीति, 50000 लोगों की आजीविका जोखिम में

रायपुर। ट्रांसपोटर्र यूनियन की आड़ में राज्य के कुछ बड़े ट्रांसपोटरों ने सीमेंट उद्योग को व्यावहारिक रूप से अपना बंधक बना लिया है, जिससे कच्चे माल और तैयार माल की सभी आवाजाही पिछले 3 सप्ताह से अधिक समय से बाधित है। सीमेंट उद्योग का उत्पादन और बिक्री का पूरा चक्र एक तरह से थम सा गया है।

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate
रायपुर मुख्य शाखा, कांजी हाऊस, कॉंग्रेस भवन के सामने, रायपुर (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी/शाखा का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि
1.	श्री सरफराज खान पिता- सागीर अहमद खान, मदरसा के पास, अमन नगर, मोवा, रायपुर (छ.ग.) 492001. शाखा- मुख्य शाखा रायपुर (छ.ग.)	खसरा नं. 512/1 (भाग), प.ह.नं. 109, मोवा, रायपुर, जिला-रायपुर, पंजीकृत उप जिला- रायपुर एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित आवासीय भवन एवं संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश । उक्त संपत्ति नियमानुसार बाध्य है: उत्तर की ओर- सलीम की भूमि, दक्षिण की ओर- विक्रेता की भूमि, पूर्व की ओर- सड़क, पश्चिम की ओर- विक्रेता की भूमि ।	₹ 31,85,779.35/- ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ ।	15.05.2021
			कब्जा सूचना तिथि	04.10.2021

दिनांक : 04.10.2021, स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

बस्तर के विकास के लिए इस साल 125 करोड़ से अधिक खर्च करेगी एनएमडीसी

■ **पिछले एक दशक में 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा के काम किए, आगे भी बस्तर के विकास के लिए कृतसंकल्पित**

हैदराबाद (नवप्रदेश)। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बस्तर संभाग के विकास पर 125 करोड़ रूपए खर्च करेगी। एनएमडीसी की नैगम सामाजिक दायित्व निधि हेतु छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित हाईपावर कमेटी के निर्णय के अनुसार बस्तर संभाग के छह जिलों में उक्त राशि को खर्च किया जाएगा। संभाग के बस्तर, कोंडागाव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों से हाई पावर कमेटी के अनुमोदन से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर एनएमडीसी क्षेत्रीय विकास के लिए राशि जारी करेगी। एनएमडीसी ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व(सीएसआर) के तहत वर्ष 2010-11 से वर्ष 2020-21 तक बस्तर के विकास के लिए छ्तीसगढ सरकार से मिले प्रस्तावों के आधार पर 959 करोड़ 16 लाख रूपए के विभिन्न कार्यो को मंजूरी दी है जिसमे 762 करोड़ 51 लाख रूपए खर्च किए जा चुके है जबकि 196 करोड़ 64 लाख रूपए के विभिन्न कार्य प्रगति पर है।

बस्तर संभाग में कोरोना से निपटने के लिए भी एनएमडीसी जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर काम कर रही है और संभाग के विभिन्न जिलों में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं उपचार के लिए जिलों को दवाईयां एवं अन्य आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था हेतु 29 करोड़ 58 लाख रूपए की राशि जारी की जा रही है।

एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री सुमित देव ने कहा कि एनएमडीसी छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर बस्तर संभाग के विकास के लिए अपना योगदान देने के लिए कृतसंकल्पित है। श्री देव ने कहा कि स्थापना काल से ही एनएमडीसी बस्तर संभाग में शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल-आपूर्ति,पोषण, क्षमता निर्माण और आधारभूत संरचनाओं के निर्माण सहित स्थानीय निवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चाहे बस्तर का मेडिकल कॉलेज हो या फिर एजुकेशन सिटी समेत अन्य सभी बड़े निर्माण, एनएमडीसी बस्तर संभाग के विकास के लिए सदैव तत्पर रहा है और आगे भी स्थानीय निवासियों के विकास के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन के सहयोग से जरूरी कार्यों को किया जाएगा।

एनएमडीसी बस्तर संभाग में एजुकेशन सिटी दंतेवाड़ा, एजुकेशन सिटी बीजापुर, आकार भवन सुकमा, छू लो आसमान योजना, लक्ष्य योजना, शिक्षा सहयोग योजना, बालिका शिक्षा योजना, आस्था गुरूकुल, दंतेवाड़ा एजुकेशन सिटी में बालक और बालिकाओं के लिए 1000 सीट के छात्रावास, दिव्यांग बच्चों के सक्षम स्कूल, पोलिटेक्निक कांलेज दंतेवाड़ा, आईटीआई भांसी, आईटीआई नगरनार और स्थानीय बालिकाओं को नर्सिंग प्रशिक्षण समेत अन्य कार्यों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है।

इसी तरह से एनएमडीसी ने बस्तर संभाग में चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाने के लिए अपने प्रोजेक्ट क्षेत्र में अपोलो जैसे ख्यातिप्राप्त चिकित्सा संस्थान के साथ व्यापक कार्य किए हैं बल्कि जगदलपुर स्थित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण का भी अस्सी प्रतिशत खर्च उठाया है। इसके अतिरिक्त लगातार चलनेवाले÷हॉस्पिटल ऑन व्हील्स÷ और मेडिकल कैंप के माध्यम से भी एनएमडीसी स्थानीय निवासियों तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाने का काम लगातार कर रही है। स्थानीय लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एनएमडीसी ने नलजल योजना के साथ ही समूह जल प्रदाय योजना और व्यक्तिगत नलकूप योजना के माध्यम से स्थानीय लोगों को लाभान्वित किया है।उपरोक्त के अतिरिक्त एनएमडीसी स्थानीय क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण, स्थानीय लोगों की क्षमता बृद्धि समेत अनेक कार्य सतत रूप से करती है जिससे स्थानीय लोगों को लाभ मिल सके।

उर्दू पुस्तकालय अध्ययन केंद्र में जलसा का आयोजन

खरोरा। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर उर्दू पुस्तकालय अध्ययन केंद्र एवं कंप्यूटर सेंटर खरोरा में छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के सहयोग से संचालित संस्था मोदी से आजम अमन एजुकेशन सोसाइटी में जलसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्श अतिथि डॉ अमीन खान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ने किया। उर्दू अकादमी द्वारा उर्दू पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र में उर्दू की पुस्तकें एवं प्रतियोगिता की पुस्तकें एवं कंप्यूटर सेंटर की स्थापना किया गया है। अध्ययन केंद्र में उर्दू तंजीमओं का पंजीयन व माली मदद के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के शायरों का पंजीयन छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी में करने हेतु आवेदन पत्र उपलब्ध है आवेदन पत्र प्राप्त कर अध्ययन केंद्र में जमा कर सकते हैं अध्ययन केंद्र में उर्दू पुस्तकें एवं समस्त प्रतियोगी पुस्तकें अध्ययन केंद्र अध्ययन हेतु उपलब्ध कराई गई है तथा अध्ययन केंद्र की कंप्यूटर सेंटर में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है कराई जाती है।

राजनीतिक दलों की ली गई बैठक

गरियाबंद। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आज बैठक आयोजित की गई। जिसमें अर्हता तिथि 01 जनवरी 2022 को मानकर पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश भोई ने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 01 नवम्बर को किया जायेगा। दावा-आपत्ति 30 नवम्बर तक प्रस्तुत किया जा सकता है। विशेष शिविर 14 नवम्बर से 21 नवम्बर तक, दावा-आपत्ति का निराकरण 20 दिसम्बर एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी 2022 को किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में दिव्यांग मतदाताओं की मार्किंग करना एवं स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करना शामिल है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व तैयारी के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन, भाग एवं अनुभाग का पुनर्गठन एवं मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण 31 अक्टूबर तक किया जायेगा।

बैक्टीरियल इन्फेक्शन के कारण बच्चों में बुखार एवं दाने उभरे

कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय विशेषज्ञ दल कर रहे हैं डोर टू डोर सर्वे एवं बच्चों का उपचार

गरियाबंद। जिले के विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम पंचायत नवापारा में सरकारी आयरन सिरप पीने वाले 30 बच्चे के बीमार होने व बच्चों के शरीर व मुंह के भीतर दाने से जलन के संबंध में मामला प्रकाश में आते ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा संज्ञान लिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एनआर नवरत्न ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय चिकित्सकीय दल ने उक्त ग्राम पंचायत व अधीनस्थ ग्राम का डोर टू डोर सर्वे किया जिसमें कुल 09 बच्चों में उक्त समस्या पाया गया, किन्तु उनमें से 3 बच्चों ने सिरप का सेवन किया ही नहीं था। उक्त समस्या का कारण बैक्टीरियल इन्फेक्शन है। चूंकि उक्त समस्या ऐसे बच्चों को भी हुआ है जिनके द्वारा आयरन सिरप का सेवन नहीं किया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि उक्त समस्या बैक्टीरियल इन्फेक्शन व अन्य कारणों से हुआ है।

मत्स्य पालन से आर्थिक स्तर में आई सुधार

गरियाबंद। गरियाबंद जिले के फिं गेश्वर विकासखण्ड के कृषक बालचंद साहू ने मत्स्य पालन कर अपने आर्थिक स्तर को सुधारने में सफलता पाई है। बालचंद पहले अपने पुस्तैनी 18 एकड़ की जमीन में धान फसल की पैदावारी ले रहा था। जिसमें लागत के मुताबिक आमदनी हासिल नहीं हो रही थी। ऐसी स्थिति में बालचंद ने खेती के अलावा अतिरिक्त आमदनी हेतु मत्स्य पालन गतिविधियों का अवलोकन कर इससे प्रोत्साहित होकर उन्होंने अपने एक हेक्टेयर जमीन में तालाब का निर्माण कराया और मत्स्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में मछली पालन का कार्य प्रारंभ किया। मत्स्य पालन विभाग द्वारा उन्हें वर्ष 2019-20 में राष्ट्रीय कृषक विकास योजना अंतर्गत 40 प्रतिशत की दर से अनुदान राशि 2.80 लाख रुपये स्वीकृत किया गया। उक्त राशि से उन्होंने स्वयं के तालाब में मत्स्य पालन का विस्तार किया गया। अक्टूबर 2020 में उन्होंने 50 टन मत्स्य उत्पादन कर बाजारों में बिक्री कर अच्छी आमदनी अर्जित की। आमदनी के अच्छी जरिया मिलने से बालचंद ने अपने कृषि भूमि में एक हेक्टेयर का एक और तालाब बनवाया। तालाब में मछली पालन के अलावा तालाब के मेढ़ में उद्यानिकी एवं दलहन फसलों की पैदावारी के साथ कटहल, पपीता, नींबू पौधा रोपित कर इसे भी अपने आमदनी का जरिया बनाया।

ढाई साल में 450 करोड़ से ज्यादा के काम हुए

वर्षों से लंबित सड़कें भी बनी, लोगों को हो रही आवागमन की सुविधा

सुप्रीत शर्मा

बालोद (नवप्रदेश)। संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा के अथक प्रयास से बालोद और गुरुर दोनों क्षेत्र में ही जमकर विकास कार्य हुए। आवागमन, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में विधायक द्वारा शासन से राशि स्वीकृत करवाई गई और इसी का परिणाम है कि इन विगत ढाई साल के कार्यकाल में उनके द्वारा 450 करोड़ से ज्यादा के काम करवाए गए। जिसका लाभ ग्राम जन को मिलने लगा है। विगत दिनों करोड़ों के कार्यों का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शिलान्यास व लोकार्पण भी किया गया है।

जिसमें कई कार्य पहले से शुरू हो चुके हैं तो कई अब शिलान्यास के बाद शुरू हो गए हैं। जनवरी 2019 से जनवरी 2021 तक 2 साल के कार्यकाल की ही बात करें तो 428 करोड रुपए का काम उनके प्रयास से हुआ है। उन्होंने महिला महाविद्यालय की स्वीकृति दिलवाई, केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दी गई तो गोधन न्याय योजना गौठान के निर्माण व गोबर खरीदी में पूरा योगदान दिया। प्रमुख कार्यों की अगर बात करें तो सीसी रोड, समुदायिक भवन, स्ट्रीट लाइट, कला मंच, अहाता, बाल उद्यान, ओपन जिम आदि निर्माण कार्यों के 14 करोड़ से ज्यादा के काम हो गए हैं। तो साथ ही भवन सड़क पुल निर्माण में विधायक की अनुशंसा से 366 करोड़ 36 लाख रुपए के काम हुए हैं। जिनमें प्रधानमंत्री सड़क योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत सड़के बनी है। बहु प्रतीक्षित व सबसे बड़े प्रोजेक्ट में करही भदर निपानी मोखा मार्ग 142 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बन रहा है। तो साथ ही पुरूर से बेल्हारी मार्ग भी 116 करोड़ की लागत से बन रहा है। जिनके बनने के बाद दुर्ग और गुरुर ब्लॉक के अंदरूनी गांव आसानी से जुड़ सकेंगे। इसके अलावा कई ऐसी सड़कों का निर्माण हो रहा है जिनकी वर्षों से उपेक्षा हो रही थी। लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो गई थी। घोघोपुरी में उच्च स्तरीय पुल का काम भी 2 करोड़ 10 लाख की लागत से हो रहा है। जहां पर हमेशा बाढ़ आने से यह गांव टापू बन जाता था।

सिंचाई क्षेत्र में भी 20 करोड़ से ज्यादा के काम

सिंचाई के क्षेत्र में भी 20 करोड़ से ज्यादा के काम हुआ है। दरीटोला जलाशय की बात हो चाहे तांदुला मुख्य नहर में एक्वाडक्ट का निर्माण हो चाहे बिरेतरा भेड़िया नवागांव माइनर देवरानी जेठानी डायवर्सन की मरम्मत फागुनदाह शाखा नहर चंदनबिरही माइनर सहित अन्य नालियों का निर्माण हुआ है। इस अंतर्गत 21 करोड़ से अधिक के काम हुए हैं। नल जल योजना में भी पानी टंकी पाइप लाइन विस्तार में भी कोई कमी नहीं की गई। जिसमें 17 करोड़ के काम हुए हैं।

विधायक शिवरतन सहित कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री को भेजा पोस्टकार्ड

भाटापारा (नवप्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिख कर उनके द्वारा देश हित में किये कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम में भाटापारा शहर मंडल भाजपा व भाजयुमो के द्वारा विशेष अभियान चला कर पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं ने भी प्रधानमंत्री को पोस्ट कार्ड पर धन्यवाद प्रेषित किये तथा प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को जिस योजना का लाभ उसे मिला है के लिए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए प्रेरित कर पोस्टकार्ड लिखवाए।

3 लोकल ट्रेन बंद, दैनिक यात्री हो रहे परेशान

भाटापारा। कोरोना काल मे बंद हुई दूरगामी ट्रेन सेवा अधिकांश चालू ही गई, लेकिन रायपुर बिलासपुर के मध्य की एक पैसेंजर ट्रेन के अलावा 3 लोकल ट्रेन अब तक चालू नही हो पाई है, गरीब मजदूर यात्रिओं को उम्मीद थी कि 1 अक्टूबर से लागू हुई नवीन रेल समय सारणी से चालू हो जाएगी, लेकिन छोटे तबके के रेल यात्रिओं को घोर निराश होने पड़ रहा है। वहीं वे लोग उन नेताओं को कोष रहे हैं जो गरीब मजदूर किसानों के नाम पर अपनी राजनीति कर पेपर चाप नेता बने रहते है।

रायपुर बिलासपुर के मध्य कोरोना कॉल से बंद हुई 3 मेमू लोकल ट्रेन अब तक पटरी पर नहीं दौड़ पाई हैं। इन 3 लोकल ट्रेनों में एक डाउन दिशा से याने रायपुर से आने के लिए और 2 लोकल ट्रेन अप दिशा की याने रायपुर की ओर जाने वाली बन्द हैं।

कलेक्टर को दिग्भ्रमित कर खेला ट्रांसफर का खेल, डीईओ पर कार्यवाही की मांग

राजनांदगांव। राज्य सरकार ने ट्रांसफर पर बैन लगा रखा है, लेकिन जिला शिक्षा अधिकार हेतराम सोम ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। पहले अध्यापन व्यवस्था की आड़ में 22 सितंबर को थोक में शिक्षकों का ट्रांसफर कर दिया और उन पर कोई ऊंगली ना उठाए इसके लिए कलेक्टर से अनुमोदन करा लिया गया, इसके बाद 30 सितंबर को प्रतिनियुक्ति की आड़ में ट्रायबल स्कूलों के शिक्षकों का ट्रांसफर कर दिया गया इसमें भी कलेक्टर से अनुमोदन ले लिया गया ताकि कोई उन पर ऊंगली ना उठा सके, लेकिन छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन ने इस मामले की 28 सितंबर को कलेक्टर से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया था और कलेक्टर को यह जानकारी दिया गया था कि जिला शिक्षा अधिकारी हेतराम सोम के द्वारा उनको गुमराह और दिग्भ्रमित किया गया है और जिन स्कूलों में शिक्षकों की आवश्यकता ही नहीं है, वहां शिक्षकों का ट्रांसफर कर दिया गया है।

महिला कांग्रेस की कोषाध्यक्ष बनी प्रज्ञा निर्वाणी

बेमेतरा। जिला पंचायत सदस्य और पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी को जिला महिला कांग्रेस के संगठन में कोषाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन में अपने नियुक्ति पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक आशीष छाबड़ा, प्रभारी महामंत्री जितेंद्र साहू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष कविता साहू ने जो संगठन की जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगी, उन्होंने जिले भर की सक्रिय महिलाओ को संगठन में स्थान दिया हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोषाध्यक्ष का पद बहुत ही जिम्मेदारी का पद होता है किसी भी संगठन के विस्तार के लिए इस पद में बैठे कार्यकर्ता की विशेष जिम्मेदारी होती है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

37 लाख खर्च के बावजूद ...

के कछोड़ में स्थित छात्रावास, जहां बच्चे आज भी अव्यवस्था के बीच रहने को विवश है।

2005-06 में छात्रावास भवन की स्थापना : बालक आश्रम की स्थापना मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के वनांचल ग्राम कछोड़ में वर्ष 2005-06 में की गई। आरंभिक चरण में 50 सीट की क्षमता रखी गई थी। ग्रामीणों की मांग पर राज्य शासन द्वारा सर्वसुविधा युक्त भवन के लिए वर्ष 2007-08 में लगभग 37 लाख रुपए स्वीकृत किया। इस भवन निर्माण का जिम्मा आदिवासी विकास विभाग कोरिया की थी। जहां पुराने बिल्डिंग में संचालित आश्रम को सर्वसुविधायुक्त नई बिल्डिंग मिलने की उम्मीद थी किन्तु ठेकेदार की उदासीनता के कारण बच्चो को 13 वर्ष बाद नया भवन तो मिला किन्तु अब नये भवन में ही बच्चे अव्यवस्था के बीच रहने को विवश है। दरअसल, ठेकेदार ने निर्माण कार्य समय पर पूरा करना तो दूर अधूरा कार्य कर हैंडओवर दे दिया।

भाजपा और योगी...

विरोध में प्रियंका गांधी पीड़ित परिवारों से मिलने जा रही थी, उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। मैं भी जा रहा था, तो मुझे भी जाने नहीं दिया गया। विपक्षी नेताओं को नजरबंद किया जा रहा है। हर किसी को लखीमपुर जाने से रोका जा रहा है। क्या उत्तर प्रदेश में जाने के लिए पासपोर्ट या वीजा की अवश्यकता है ?

यह स्थिति बताता है कि बीजेपी किसानों के खिलाफ है। वो किसी भी विरोध को बर्दास्त नहीं करना चाहते. बीजेपी किसानों को दबाने के लिए किसी भी स्तर पर जा सकती है। मंत्री अजय मिश्रा को भी बर्खास्त किया जाना चाहिए, जिन्होंने किसानों को कुचलने की कोशिश की, उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

सिल्गेर की घटना के बाद विपक्ष भी गया था

भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सिलगेर में घटना घटी थी,जहां नक्सली क्षेत्र में लोगों की हत्या हुई थी। वहां सभी को जाने दिया गया। हमारी सरकार ने किसी को नहीं रोका। पीड़ित परिवार से भी फोन और वीडियो के माध्यम से बातचीत की। हमारे राज्य में भी कई घटनाएं हुई, लेकिन हमने किसी को नहीं रोका लेकिन भाजपा पूरी तरह से दमनकारी नीति अपना रही है जो आने वाले समय घातक साबित होगी।

अमेरिका के डेविड जूलियस ...

वाले दिनों में फिजिक्स, केमिस्ट्री, साहित्य, शांति व अर्थशास्त्र के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए भी नोबेल पुरस्कार घोषित किए जाएंगे।

आर्यन खान को नहीं ...

है कि आर्यन को क्रूज पर हिरासत में नहीं लिया गया। वह वहां स्पेशल गेस्ट के तौर पर इनवाइटेड थे और एक दोस्त के साथ वहां गए थे। क्रूज पर जाने के लिए एक भी पैसा नहीं दिया और न ही किसी ऑर्गनाइजर को जानते हैं। जो पंचनामा तैयार किया गया है, उसमें मोबाइल के अलावा किसी तरह की बरामदगी नहीं दिखाई गई है। दोस्त (अरबाज मर्चेंट) को इसलिए गिरफ्तार किया गया, क्योंकि उनके पास 6 ग्राम चरस थी।

दिल्ली से लौटे छत्तीसगढ़ के...

का षड्यंत्र है। लेकिन कांग्रेस का कुछ नहीं बिगड़ सकते। वहीं अधिकतर विधायक दिल्ली दौरे को निजी दौरा बताकर मीडिया से कन्नी काटते नजर आए। कुछ ही विधायक जो नए हैं उन्होंने ही कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए लॉबिंग करने दिल्ली वरिष्ठ विधायकों के बोलने पर गए थे।

खैर, अभी भी ये माना जा रहा है कि इनकी वापसी के साथ ही अब ढाई ढाई साल के मुख्यमंत्री के मसले पर अल्प विराम लगा है। लेकिन फिर ये आग कब सुलगेगी ये तो समय ही बताएगा।

15 सौ करोड़ से अधिक...

प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर दो महीने और चावल बढाने की मांग की थी। लेकिन प्रधानमंत्री ने सीधे दीवाली तक सभी ज़रुरतमंदों को मुफ्त चावल देने की घोषणा की और चावल आवंटन कर भी दिया गया। लेकिन अन्य तमाम केन्द्रीय योजनाओं की तरह ही इसका लाभ भी जनता तक पहुचाने के बजाय कांग्रेस हड़प रही है। यह अपने आप में एक बड़ा घोटाला है।

हितग्राहियों तक नहीं पहुंचा राशन : कौशिक

प्रदेश में प्राथमिकता समूह के राशन कार्ड पर मई से नवम्बर 2021तक के लिए 5 किलो प्रति सदस्य के मुताबिक 7 लाख मीट्रिक टन से अधिक चावल का आवंटन छत्तीसगढ़ शासन को मिला, परन्तु उसका लाभ यहां ज़रूरतमंद हितग्राहियों तक कांग्रेस सरकार ने नहीं पहुंचाया है। इस आवंटन का अधिकांश चावल कांग्रेस खा गयी है। केंद्र सरकार द्वारा जहां प्रति व्यक्ति प्रति महीने 5 किलो चावल राज्य को दिया गया, परंतु सरकार ने ऐसे राशन कार्डधारी जिनके परिवार में 1, 2 और 3 सदस्य तक हैं, उनको यह अतिरिक्त चावल नहीं दिया। राशनकार्ड धारी हितग्राही को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न प्राप्त होने की शिकायत निरंतर प्राप्त हो रही है। शेष अनाज कहां जा रहा है, यह जांच का विषय है। यहां तक कि शासन के एक मंत्री ने इस बड़ी 'गड़बड़ी' को स्वीकार भी किया था, लेकिन ऐसे घोटाले जारी हैं।

पांच लाख टन चावल डकार गई सरकार

औसतन एक राशन कार्ड पर तीन से चार सदस्य होते हैं, जिसमें 1, 2 और 3 सदस्यों तक वाले राशनकार्ड पर यह लाभ नहीं दिया जा रहा है।इस मान से अगर एक मोटा अनुमान लगाया जाय तो लगभग दो तिहाई लोगों के हिस्से का चावल गबन कर लिया जा रहा है।यानी गरीबों के हिस्से का लगभग पांच लाख टन चावल राज्य सरकार हड़प गयी है। इससे पहले भी राज्य शासन ने पंचायतों को दिए एक-एक क्विंटल चावल की कीमत 32 सौ रुपये प्रति क्विंटल वसूल किया था जबकि कांग्रेस उसे मुफ्त देने की बात कर रही थी। चावल का सरकारी रेट 32 रुपया किलो के मान से मोटे तौर पर यह घोटाला 16 सौ करोड़ से अधिक का है।

हितग्राहियों को ...

बताएं क्या बचा चावल वह वापस करेगी। भाजपा के इन दोनों सवालों से स्पष्ट हो गया है कि वह राजनीति करने की फिराक में अनर्गल बयान दे रही है। प्रदेश में भाजपा मुद्दा विहीन है, भाजपा के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, यही कारण है कि केंद्र सरकार की योजना पर गलत आरोप लगाकर प्रदेश के लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। छत्तीसगढ़ में सभी हितग्राहियों को उसके हक का पूरा चावल दिया जा रहा है। संचार प्रमुख शुक्ला ने कहा कि जिन लोगों ने 36 हजार करोड़ का नान घोटाला किया था वे लोग किस मुंह से चावल घोटाले की बात कह रहे हैं।

एक्सिस बैंक लिमिटेड
AXIS BANK
अस्सेट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चैंबर्स, न्यू बस स्टैंड के सामने, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर 492004

परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)] कब्जे की सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत, एक्सिस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (प्रवर्तन) नियम, 2002 ने एक मांग नोटिस जारी किया है जिसमें ऋणी/गारंटर आदियों को नोटिस में उल्लिखित राशि के साथ साथ बकाया चुकाने उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर ब्याज की संविदात्मक दर और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि के लिए कहा गया था।

उधारकर्ता और गारंटर राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, एतद् द्वारा उधारकर्ता/ गारंटर को विशेष रूप से जन सामान्य को नोटिस दिया जाता है। कब्जे की सूचना अचल संपत्ति के लिए उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित इसके बाद उल्लिखित तिथि को सामान्य तौर पर, कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है -

उधारकर्ताओं/गारंटरों, विशेष रूप से, और आम जनता, को एतद् द्वारा आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति और उसके साथ किसी भी तरह का लेन-देन न करें। संपत्ति पर ब्याज और दंडात्मक ब्याज के साथ नोटिस में उल्लिखित राशि, मांग नोटिस की तारीख से शुल्क, लागत आदि के लिए एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों की ओर उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ता/गारंटर का नाम व पता	अचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति)	अ) नोटिस तिथि के अनुसार देय राशि ब) मांग सूचना की तिथि स) कब्जे की तिथि
1. श्री दुर्गेश कुमार धरे पिता तुकाराम धरे (आवेदक) 2. श्रीमती अंजला धरे पति दुर्गेश कुमार धरे (सह आवेदक) एलआईजी-225, से.-02 दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर (छ.ग.) 492001	**सुरक्षित अंचल संपत्ति** संपत्ति के सभी भाग व खंड म.नं. एलआईजी 255, ख.नं. 84/1, 84/2, 84/3, 84/4, 84/5, प.ह.नं. 104, वार्ड नं. 69, मौजा डंगनिया, दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर (छ.ग.) **सीमाएं :** उत्तर-म.नं.एलआईजी-224 दक्षिण-एलआई-226, पूर्व-एलआईजी मकान की सीमा, पश्चिम- रोड	अ) रु. 14,78,580/- (चौदह लाख अठहत्तर हजार पांच सौ अस्सी मात्र) ऋण खाता संख्या-PHR013902844661 के अंतर्गत 22.06.2021 तक समझौते की समाप्ति पर देय तिथि की राशि (इस राशि में 22.06.2021 तक ब्याज शामिल) ब) 22.06.2021 स) 01.10.2021
1. घनश्याम सिंह पिता मोहन सिंह 2. राधेश्याम सिंह पिता मोहन सिंह 3. हरेराम सिंह पिता मोहन सिंह 4. कृष्णा सिंह पिता मोहन सिंह वार्ड नं. 26, सुभाष चौक आजाद नगर बीरगांव, रायपुर (छ.ग.)492001	**शेड्यूल सुरक्षित अचल संपत्ति** ख.नं. 287/621, 622, 623, 624 625 का भाग, प.ह.नं. 101/29, मौजा-बीरगांव, दुर्गा नगर, सुभाषचंद्र बोस वार्ड-35, रा.नि.मं. धरसींवा, जिला- रायपुर **सीमाएं :**-उत्तर-मुरारीसिंह का मकान दक्षिण-वर्मा का प्लाट, पूर्व- रोड पश्चिम- पटेल का प्लाट	अ) रु.25,60,135/- (पच्चीस लाख साठ हजार एक सौ पैंतीस मात्र) ऋण खाता संख्या-PHR013901832267 के अंतर्गत 16.06.2021 तक समझौते की समाप्ति पर देय तिथि की राशि (इस राशि में 16.06.2021 तक ब्याज शामिल) ब) 18.06.2021 स)01.10.2021

दिनांक: 05.10.2021
स्थान : रायपुर

अधिकृत अधिकारी, रंजीत कुमार झा
एक्सिस बैंक लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

घुमका आगमन पर प्रभारी मंत्री का युकां ने किया स्वागत

राजनांदगांव। गांधी जयंती के अवसर पर गांधी प्रतिमा, मिनीमाता प्रतिमा अनावरण में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का घुमका में प्रथम आगमन पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव के नेतृत्व में स्वागत किया गया। मंत्री के साथ पधारे विधायक भुनेश्वर बघेल, सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज भाई, जिला अध्यक्ष पदम कोठारी आगमन पर युवा कांग्रेस द्वारा पटाखों एवं पुल-मालाओं से मंत्री अमरजीत भगत का स्वागत किया। बाजे-गाजे और अमर भैय्या, भुनेश्वर भैय्या जिंदाबाद के नारों से मंत्री युवाओं के जोशीले स्वागत से गदगद और उत्साहित नजर आये। गांधी जी की प्रतिमा एवं मिनीमाता की प्रतिमा का अनावरण किया एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान किया।

हत्या के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। 29 व 30 सितंबर की दरम्यानी रात ग्राम बोगरेपारा सिवनी निवासी जंगल सिंह धुर्वे पिता बुधराम धुर्वे 65 साल की धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अनिल कोमरा पिता स्व. राजाराम 25 साल निवासी लोहत्तर कांकेर एवं जयलाल सिन्हा पिता मेहरू राम 35 साल निवासी ग्राम बोगरेपारा सिवनी थाना खड़गांव जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार किया गया है। जंगल सिंह ध्रुर्वे की हत्या करने के बाद अनिल कोमरा फरार हो गया था जिसे सघनता से पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया। अनिल से पूछताछ करने पर हत्या के साजिश करने एवं मिलकर हत्या को अजाम देने वाले जयलाल सिन्हा को भी गिरफ्तार किया गया। मृतक जंगल सिंह ध्रुर्वे बैगा का काम करता था। जयलाल सिन्हा के 5 वर्षीय पुत्री को जादू, टोना करके मारा है, की शक में उसकी हत्या की गई थी। जयलाल सिन्हा ने दानी राम कोमरा एवं उसके दोस्त अनिल को बहुत सारा पैसा दूंगा बोलकर इस वारदात में शामिल किया था। दानी राम और अनिल बोगरेपारा सिवनी में आने पर जयलाल सिन्हा के घर में तीनों एक साथ शराब पिया। फिर मृतक के घर पहुंच कर हत्या कर दी।

कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री का जताया आभार

साजा । नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल ने साजा के विकास कार्य के लिये किये गये घोषणा के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे का आभार व्यक्त किया। विधायक प्रतिनिधि मनोज जयसवाल ने बताया कि कृषि मंत्री द्वारा साजा नगर पंचायत के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उन्नयन व अन्य विकास कार्यों की मांग की जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंच से स्वीकृति देते हुए नगर पंचायतों को अधोसंरचना मत के तहत 50 लाख रुपये अन्य विकास कार्य के लिये देने की घोषणा की, जिससे नगर पंचायत साजा में खुशी की लहर हैं।

धोबी समाज बेमेतरा ने सीएम का जताया आभार

बेमेतरा। बेमेतरा जिले के झेरिया धोबी समाज बेमेतरा ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड गठन किए जाने पर मुख्यमंत्री के बेमेतरा प्रवास पर उनसे भेंट कर आभार व्यक्त किया। साथ ही बेमेतरा जिले से संबधित मांग पत्र भी रखा गया। जिसमें जिला झेरिया धोबी समाज बेमेतरा के सामुदायिक भवन सहित छात्र/छात्राओं के लिए छात्रावास व बेमेतरा में संत शिरोमणी गाडगे महाराज चौक व प्रतिमा स्थापना की मांग समाज की ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष की गई। जिस पर मुख्यमंत्री ने जिला झेरिया धोबी समाज सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख रु स्वीकृति की घोषणा की।

जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

गरियाबंद। जवाहर नवोदय विद्यालय राजिम में कक्षा 6वीं के लिए नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 30 नवम्बर 2021 तक भरा जा सकता है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि चयन परीक्षा 30 अप्रैल 2022 को आयोजित होगी। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत हो एवं उनकी जन्म तिथि 01 मई 2009 से 30 अप्रैल 2013 के मध्य होना चाहिए।

शांति समिति की बैठक

पिथौरा। नगर में आगामी 7 तारीख से आरंभ होने वाली नवरात्र पर्व को देखते हुए थाना पिथौरा प्रांगण मे शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य रुप से एसडीएम ऋतु हेमनानी, एसडीओपी विनोद मिंज, थाना प्रभारी केशव कोशले, नायब तहसीलदार चन्द्रवंशी, बीएमओ डॉ. तारा अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव, सीएमओ नगर पंचायत पिथौरा, व्यपारी संघ से अनूप अग्रवाल, रितेश महान्ती, पार्षद नरेश सिंघल, प्रेमलाल सिन्हा, अजय नंद, रणजीत कोसरीया सहित विभिन्न समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। कोविड-19 के तीसरी लहर की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने नगरवासियों को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए नवरात्र दशहरा मनाने की अपील की।

कलेक्टर ने कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत नवरात्र पर्व के संबंध में जारी किए आवश्यक दिशा-निर्देश

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम तथा आगामी माह में जिले में कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में वृद्धि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नवरात्र पर्व के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

आदेश में कहा गया है कि मूर्ति की अधिकतम ऊंचाई 8 फीट होगी। परन्तु पीओपी (प्लास्टर ऑफपेरिस) से निर्मित मूर्ति बिक्री एवं स्थापित करना प्रतिबंधित रहेगा। मूर्ति स्थापना वाले पंडाल का आकार 15 बाय 15 फीट से अधिक नहीं होना चाहिए। पंडाल के सामने कम से कम 500 वर्ग फीट की खुली जगह होनी चाहिए। पंडाल एवं सामने 500 वर्ग फीट की खुली जगह में कोई भी सड़क अथवा गली का हिस्सा प्रभावित न हो। मंदिर प्रांगण के भीतर नियत स्थान पर सभी ज्योत का प्रज्जवलन किया जायेगा। नियत स्थान पर अग्निशमन सुरक्षा के सभी उपाय किया जाना अनिवार्य होगा।

सर्व समाज ने दो पक्षों में हुए विवाद की कड़ी निंदा की, अफसरों ने ली बैठक

■ दुर्ग संभाग के प्रभारी आईजी व कबीरधाम कलेक्टर ने ली सर्व समाज प्रमुखों और शांति समिति की बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कवर्धा शहर में रविवार को हुए दो पक्षों में मारपीट की घटना के बाद स्थिति को पुनः सामान्य करने व शांति कायम करने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक रखी जिसमें सभी समाज प्रमुख शामिल हुए। सर्व समाज व शांति समिति की बैठक में दुर्ग संभाग के प्रभारी आईजी व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा की उपस्थित हुए। वहीं कलेक्टर रमेश शर्मा, डीआईजी बीएन मीणा, राजनांदगांव एसपी के श्रवण, सीएएफ व पूर्व एसपी कबीरधाम डॉ लाल उम्मेद सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, डीएफओ दिलराज प्रभाकर, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के सहित सर्व समाज के पदाधिकारी जिला प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित थे।

आईजी व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा द्वारा जिले के सभी सामाज प्रमुखों व शांति समिति के पदाधिकारियों से शहर में पुनः सामाजिक सद्भावना-आपसी भाईचारे के साथ शांति बनाए रखने की अपील की गई। उन्होंने सामाज प्रमुखों को भरोसा दिलाया है कि कवर्धा में रविवार को दो पक्षों में हुए विवाद कर शांति भंग करने की कोशिश की है और इस घटना में जो भी व्यक्ति शामिल है, उन सभी व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामाज शासन-प्रशासन की ताकत है। उन्होंने कहा की कबीरधाम शांति का टापू है। सभी सामाज के लोग आपस में मिलजुल कर रहते है और आपसी भाईचारे से साथ अपना-अपना काम, व्यवसाय कर एकता का उदाहरण देते आए हैं। सामाजिक सहभागिता और आपसी भाईचारे से शहर में पुनः शांति कायम किया जा सकता है। शांति समिति की बैठक में सर्व समाज प्रमुखों द्वारा कवर्धा में रविवार को हुए दो पक्षों की घटना की कड़ी निदां करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित की गई।

समाज प्रमुखों से सहयोग की अपील की: कलेक्टर रमेश शर्मा ने शांति समिति की बैठक में कहा कोविड-19 संक्रमण काल जैसे कठिन परिस्थितियों में कबीरधाम जिले के सर्व सामाज के नागरिकों ने आपसी भाईचारे-एकता और सौहार्द पूर्ण माहौल निर्मित कर शांति कायम रखने का सबसे अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होने कवर्धा में रविवार को हुए घटना निदंनीय बताया। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू की गई है। उन्होंने सर्व समाज से इसका पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

एसपी ने धारा 144 का पालन करने की अपील

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिलेवासियों से अपील है कि धारा-144 का पालन कर शासन प्रशासन को सहयोग करें। किसी भी असामाजिक तत्वों के बहकावे में ना आने, अफवाहों से बचने, फेंक वीडियो, फेंक फोटो या किसी भी तरह के भड़काऊ पोस्ट जिससे किसी भी धार्मिक का आस्था या व्यक्ति की छवि धूमिल हो सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट करने से बचने का निवेदन किया गया।

शांति समिति की बैठक में बाहरी व्यक्तियों को लेकर गरमाया मुद्दा

कवर्धा। दो समुदायों में जहां झंडा लगाने के मामले को लेकर कवर्धा थाने में पथराव की स्थिति रविवार के दिन निर्मित हुई थी वहीं कई जगह फ्लेक्स को फाड़ कर बीच चौराहे में जलाया भी गया है। धारा 144 लगाते हुए कवर्धा के सभी दुकानों को बंद करा दिया गया। सोमवार के दिन कलेक्ट्रेट कार्यालय में शांति समिति की बैठक रखी गई। बैठक में सभी धर्म के लोग शामिल हुए और जिले में शांति बनाए रखने जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई। इसमें सभी लोगों ने अपनी सहमति दी, लेकिन बार-बार एक ही विषय निकल कर सामने आ रहा था कि कवर्धा शहर में मुसाफिर नहीं लिखे जाने के चलते बाहरी लोगों का बहुत ही ज्यादा संख्या के साथ ही शहर में रुकना भी हो रहा है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मुसाफिर लिखे जाने की मांग की है। बता दें कि रविवार देर रात तक कबीरधाम थाना में लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सोशल मीडिया में जहां कई तरह की वीडियो वायरल हो रही तो वहीं अब तक जिले का माहौल सही ढंग से शांत नहीं हो पाया। बताया जा रहा है कि कुछ पुराने वीडियो को भी फेसबुक और सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल किया जा रहा है जिसके चलते जिले की शांति भंग हो रही है। ऐसे वीडियो को प्राथमिकता ना देने व समझदारी से काम लेने को कहा गया। जिले में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च कराया जा रहा है देर रात तक कबीरधाम जिले में पेट्रोलिंग पार्टी भी चल रही थी। जबकि सोमवार सुबह से ही पेट्रोलिंग की जा रही थी तो चौक चौराहों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस बल तैनात भी किए गए।

रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 10.60 लाख की ठगी

■ पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव। रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से 10 लाख 60 हजार रुपए की ठगी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला जिले के गातापार थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आत्माराम गोंड, राजेश धुर्वे, रविकांत बंजारे और श्रेयांश यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, मानसिंह नेताम, चेतन शिवेन्द्र, अजय धुर्वे एवं अन्य बेरोजगार युवकों से फ रवरी-दिसंबर 2018 में आरोपियों ने रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर पैसा लिया था। सभी एक-दूसरे को जानते पहचाने हैं, इसलिए एक-दूसरे के द्वारा पैसा देते समय साक्षी के रूप में उपस्थित थे। आरोपियों ने अलग-अलग जगह में नहीं बल्कि जहां जानते है वहीं पैसा लेंगे, इसके लिए सभी द्वारा अलग-अलग दिन व समय में एक-दूसरे कि उपस्थिति में पैसा दिए। इसके बाद उन्हें जल्द नौकरी मिलने की बात कहते रहे। लेकिन जब लंबे समय तक पी?ितों को नौकरी नहीं मिली तो वे आरोपियों पर दबाव बनाने लगे। आरोपियों ने उन्हें फर्जी ज्वाइनिंग लेटर तक दे दिया। लेकिन पीड़ित युवकों ने जब इसे जांचा तो ज्वाइनिंग लेटर फर्जी निकला। इसके बाद पीड़ित युवकों ने रुपए वापस करने की मांग की। लेकिन आरोपी टालमटोल करने लगे। युवकों ने गातापार थाने में शिकायत पर दर्ज कराई। आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 में मामला दर्ज किया गया। जांच उपरांत आरोपियों को गिरफ्तार कर अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ के समक्ष पेश किया, जहां से आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया। आरोपी रवि बंजारे द्वारा मोबाईल गुम होना बताया गया। फर्जी आईडी किसके द्वारा बनाया गया, इस बात कि छानबीन की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक जीतेन्द्र डहरिया, सउनि जयमल उईके, प्रधान आरक्षक डेजलाल मांडले, संतोष मंडावी, भगत सिरदार, रामेश्वर जंघेल, नीतेश धुव, आरक्षक मनीष रावटे, तेजकुमार पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

नियम विरुद्ध मौखागुडा में लाखों की सीसी सड़क निर्माण पर सवाल

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। लगातार समीक्षा कर समीक्षा कर सीईओ इंजीनियर द्वारा गुणवत्ता एवं नियमानुसार कार्य करने के लिए दुहाई देते हैं लेकिन यह दुहाई का असर सरपंच सचिव पर नहीं हो रहा है। यही वजह है कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता नहीं आ पा रही है। ऐसे ही मौखागुड़ा पंचायत में देखने को मिल रहा है। जहां मौखागुड़ा-मुंगिया मार्ग पर सांसद मद से 5 लाख की लागत से सीसी सड़क स्वीकृत किया गया। मगर निर्माण एजेंसी ने पूरी नियम को ठेंगा दिखाकर सीसी सड़क बना दिया। नियमानुसार सड़क निर्माण से पहले लगभग 150 सेंटीमीटर खुदाई किया जाता है। तत्पश्चात प्रावधान अनुसार रेती या मुरूम से फीलिंग करना होता है, यहां पॉलिथीन डालकर एक घमेला सीमेंट 4 घमेला रेती और गिट्टी का कांक्रीट डाला जाता है। लेकिन निर्माण एजेंसी ने बिना खुदाई और बिना लेबल किए सीसी सड़क का निर्माण करा दिया है। इसके अलावा पानी की तराई भी नहीं हो पा रही है। साथ ही सड़क के शुरुआत से अंतिम तक लेवल नहीं है। ऐसे तमाम लापरवाही को देख सड़क की हालत चंद महीनों में खराब होने की पूरी संभावना जताई जा रही है। सबसे खास बात तो यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी में भी इस तरह नियम विरुद्ध सड़क निर्माण कर लागत की पूरी पूरी राशि निकाल लिया जाता है तभी सरपंच सचिव और अधिकारियों के बीच सांठगांठ का आरोप भी लगाया जाता है। इसलिए इस बार जिला पंचायत सीईओ से शिकायत कर जांच एवं कार्यवाही की मांग करने की बात सामने आ रही है।

मिनी माता सम्मान के लिए 10 तक आवेदल आमंत्रित

कवर्धा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला, अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष ''मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)'' प्रदान किया जाता है। वर्ष 2021 के सम्मान के लिए आवेदन 10 अक्टूबर 2021 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन के साथ समस्त दस्तावेज प्रमाणित संलग्न करना होगा।

शक्तिधाम मां काली मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी नवरात्रि

■ शक्तिधाम धर्मार्थ समिति के पदाधिकारियों ने बैठक में लिया निर्णय

■ ज्योति कलश स्थापना के बाद 8 दिनों तक होंगे विविध आयोजन

राजनांदगांव (नवप्रदेश)। शारदीय मंर नवरात्रि पर्व मनाने के विषय में शक्तिधाम मां काली मंदिर के गुरुदेव हरीश यादव की अध्यक्षता में गत दिनों महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शक्तिधाम धर्मार्थ समिति के पदाधिकारियों ने शक्तिधाम मां काली मंदिर में नवरात्रि पर्व श्रद्धा-उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया। इसके अलावा भी बैठक में विभिन्न निर्णय लिए गए हैं।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए गुरुदेव हरीश यादव ने कहा कि वार्ड-1 बाबूटोला स्थित शक्तिधाम मां काली मंदिर में 9 दिनों का नवरात्रि पर्व श्रद्धा-उत्साह मनाया जाएगा। पर्व की शुरुआत 7 अक्टूबर को होगी। इस बीच आठ दिनों तक शक्ति धाम मां काली मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। माता के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए शक्ति धाम धर्मार्थ समिति की ओर से विशेष व्यवस्था की जा रही है। इस विषय में गुरुदेव श्री यादव ने बताया, नवरात्र पर्व के पहले दिन मंदिर में शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। इसके पश्चात पूरे 9 दिनों तक माता की भक्ति से संबंधित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

कृषक रत्न पुरस्कार 15 तक आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए जिले के कृषकों से 15 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र मे भरकर जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार में चयनित कृषक को 2 लाख रूपये एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

चेंबर ऑफ कॉमर्स का शपथ ग्रहण, 101 नए सदस्य जुड़े

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। चेंबर ऑफ कॉमर्स बालोद इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष राजू पटेल एवं उनकी कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह विगत दिनों शीतल पैलेस बालोद में संपन्न हुआ। चेंबर में नवगठित कार्यकारिणी अध्यक्ष राजू पटेल सचिव संजोग टावरी कोषाध्यक्ष सुनील रतनबोहरा उपाध्यक्ष हंसमुख टुवानी प्रमोद पंपालिया मनीष कोठारी संतोष पाढ़ी कांतिलाल जैन सहसचिव समीर गुप्ता, कार्यकारिणी- दिलीप गोलछा चेतन ढेलड़िया प्रेमचंद क्षीरसागर ललित श्रीश्रीमाल हेमंत बाफना हरीश आहूजा उमाशंकर मंत्री संतोष शर्मा गुलाब टावरी मनोज चांडक भाविन पटेल दिनेश तापड़िया संरक्षक मंडल - रमेश बाफना मोहन भाई पटेल मोहन नाहटा हरीश सांखला सोहन श्रीश्रीमाल स्वरूप राठी मीडिया प्रभारी- संजय ढेलड़िया बनाए गये। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर परवानी मुख्य वक्ता डॉ प्रदीप जैन विशेष अतिथि अजय भसीन महामंत्री छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स गार्गी शंकर मिश्रा चेंबर ऑफ कॉमर्स दुर्ग संभाग प्रभारी कन्हैया गुप्ता मौजूद रहे। एवं रायपुर से लगभग 35 लोगों की एक टीम भी उपस्थिति थी।

101 लोगों ने ली नई सदस्यता

चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई बालोद में 101 लोगों ने नई सदस्यता ली। जो एक बालोद जिले के लिए एक नया रिकॉर्ड है। इस शपथ समारोह में दल्ली राजहरा चेंबर ऑफकॉमर्स से स्वाधीन जैन, अमित कुकरेजा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रफुल्ल पटेल, समीर गुप्ता, धीरूभाई पटेल,परमेश्वर राठी, श्रवण टावरी अभिषेक मुंदड़ा रवि जाजू मनीष टावरी पंकज आहूजा अमित चोपड़ा, महिलाओं में चंद्रिका पटेल भारती पटेल शिला पटेल सोनल गुप्ता घंटा टावरी सुनीता राठी समेत सभी व्यापारी उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर बच्चों ने उकेरी अपनी प्रतिभा, कराए गांधी दर्शन

■ जवाहर बाल मंच ने स्कूलों में कराई निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी श्रद्धापूर्वक याद किए गए। इस दौरान विभिन वर्गो ने न सिर्फ बापू के विचारों को याद किया, बल्कि राष्ट्र विकास के लिए उनके बताए मार्गो पर चलने का संकल्प भी दोहराया। कई स्थानों पर स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम किए गए।

जवाहर बाल मंच के प्रदेश अध्यक्ष कुलीसा मिश्रा एवं प्रदेश महासचिव, दुर्ग संभाग के प्रभारी प्रणव दास के मार्गदर्शन एवं जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विचारवान संस्था जवाहर बाल मंच के द्वारा स्कूलों में स्कूली बच्चों के मध्य निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। गांधी जयंती के विशेष अवसर पर आयोजित निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का विषय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे, जिन पर स्कूलों बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता के जरिए बच्चों ने बापू की श्रेष्ठता व महानता को बताने का प्रयास किया। बच्चों ने अपनी सोच से यह बताने का प्रयास किया कि महात्मा गांधी के नाम से मशहूर मोहनदास करमचंद गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनैतिक नेता थे। सत्याग्रह और अहिंसा के सिद्धान्तों पर चलकर उन्होंने भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इन सिद्धांतों ने पूरी दुनिया में लोगों को नागरिक अधिकारों एवं स्वतंत्रता आंदोलन के लिये प्रेरित किया। महात्मा गांधी समुचे मानव जाति के लिए मिशाल हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में अहिंसा और सत्य का पालन किया और लोगों से भी इनका पालन करने के लिये कहा। उन्होंने अपना जीवन सदाचार में गुजारा। वह सदैव परंपरागत भारतीय पोशाक धोती व सूत से बनी शाल पहनते थे। सदैव शाकाहारी भोजन खाने वाले इस महापुरुष ने आत्मशुद्धि के लिये कई बार लम्बे उपवास भी रखे।

समझौता के बाद भी प्रबंधन ने नहीं की पहल, धरने पर बैठे ग्रामीण

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। भू- विस्थापितों के साथ समझौता वार्ता करने के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन ने सकारात्मक पहल नहीं की। इससे नाराज भू-विस्थापितों ने खदान के मलगांव फेस के पास अनिश्चतकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भू-विस्थापितों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा सभी मांग पूरी नहीं की जाएगी तो आंदोलन उग्र किया जाएगा।

एसईसीएल प्रबंधन की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही है। गेवरा, दीपका खदान के भू-विस्थापितों के साथ प्रबंधन ने वार्ता कर समस्या निदान का आश्वासन भी दिया, पर कोई आगे कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर बैठक कर ग्रामीणों ने पुनः आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की और अनिश्चतकालीन धरना में बैठ गए। ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के दीपका इकाई उपाध्यक्ष रविंद्र जगत ने बताया कि जून माह से लगातार प्रबंधन के क्षेत्रीय और मुख्यालय स्तर से भू-विस्थापितो की मांगों

पर बातचीत और अधिकारियों का आश्वासन देने का दौर चल रहा है। खदान बंद कराने के बाद भी प्रबंधन अपनी हठधर्मिता छोड़ रहा है। इसलिए संगठन की बैठक कर कई चरण में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यालय में डायरेक्टर्स के साथ आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय को भूला देने से आक्रोशित भू-विस्थापित अब आरपार की लड़ाई में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि सितंबर माह के आखिरी सप्ताह में बैठक प्रस्तावित की गई थी, पर न तो कार्रवाई हुई और नहीं समीक्षा बैठक हुई। इसके बाद एक- एक करके सुआभोडी, आमगांव, पोड़ी, भथोरा, नराईबोध ओबी फेस के सामने पंडाल लगाकर धरना प्रदर्शन किया गया।

लाल झंडा लगा खींची लक्ष्मण रेखा

प्रदर्शनकारियों ने खदान के बाहरी सीमा पर लाल झंडे गाड़ कर संकेत दिया है कि इस सीमा से खदान को एक इंच भी आगे बढ़ने नही दिया जाएगा। उन्होंने इसे लक्ष्मण रेखा बताते हुए कहा है कि लाल झंडे से आगे बढ़ने की कोशिश करने पर एसईसीएल को गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। सीधे खदान में उतरकर उत्पादन को ठप्प कर दिया जाएगा। भू- विस्थापितों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उनकी फरियाद को सुने और समस्याओं का कराने में सहयोग करें।

प्रमुख मांगें

- परियोजना, एरिया स्तर पर पुनर्वास समिति एवं ग्राम समितियों का गठन
- परिसंपतियों का मुआवजा ,रोजगार , बसाहट आदि का निर्धारण
- छोटे-बड़े सभी खातेदारो को रोजगार की व्यवस्था
- सर्व सुविधायुक्त बसाहट (माडल ग्राम) की व्यवस्था
- वर्तमान में बालिग को अलग परिवार की श्रेणी मानते हुए 10 डिसमिल भूमि या जमीन के बदले 10 लाख रुपये दें
- प्रभावित परिवार के बेरोजगारों द्वारा बनाई गई सहकारी समितियों, फर्म, कंपनी (व्यक्तिगत) को ठेका कार्य में 20 प्रतिशत आरक्षण
- नए अधिग्रहण के मामले में रोजगार, मुआवजा, बसाहट आदि सुविधाओं के लिए समय सीमा निर्धारित करें
- राजस्व सबंधी समस्याओं का गांव में शिविर लगाकर समाधान करें।

11 लाख रुपए का अवैध कबाड़ पकड़ाया

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। दर्री सीएसपी लितेश सिंह के मार्गदर्शन में कबाड़ियों पर नकेल कसना शुरू हो गया है। इस कड़ी में कबाड़ लोड एक ट्रक को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया है। वहीं कबाड़ सरगना कटघोरा के बंटी अग्रवाल फरार है। पुलिस द्वारा जब्त की गई कबाड़ की अनुमानित कीमत करीब 11 लाख रुपए है। जानकारी के मुताबिक, थाना

प्रभारी दर्री राजेश जांगड़े को मुखबीर से सूचना मिली की कटघोरा से दर्री की ओर जा रही 12 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 04 छ्ष्ट 4953 में अवैध कबाड खपाने दूसरे जिले में ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर दर्री थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने घेरा बंदी कर अवैध कबाड़ से भरे ट्रैक को पकड़ लिया गया। पूछताछ में चालक प्रदीप घोष निवासी मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल ने उक्त कबाड़ को कटघोरा निवासी बंटी अग्रवाल का होना बताया। चालक ने पुलिस को यह भी बताया कि बंटी अग्रवाल अपने गोदाम एवं बाहर में छिपाकर रखे लोहे का एंगल चैनल, रोलर एवं बिजली टावर लाइन का सामान प्लेट एंगल नये पुराने तथा कबाड़ सामान लोहा सायकल छड़ आदि ट्रक पर लोड कराया। ट्रक में कुल 22 टन कबाड़ लोड था। ड्राइव उक्त कबाड़ को रायगढ़ लेकर जा रहा था। चालक ने यह बात भी स्वीकार की वह पूर्व में भी कबाड़ लेकर कटघोरा से रायगढ़ जा चुका है। बहरहाल कबाड़ व ट्रक को जब्त कर चालक को जेल भेज दिया गया है।

रेलवे संघर्ष समिति रूट परिवर्तन की मांग को लेकर फिर हुई मुखर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा । पिछली सरकार के समय में चूल हिला देने वाली रेल्वे संघर्ष समिति ने एक बार फिर से महात्मा गांधी जयंती पर अपनी पुरानी मांग को लेकर एक दिवसीय मौन सत्याग्रह आंदोलन के बहाने फिर से मुखर हुई है। कबीरधाम जिले में सर्वदलीय मंच बनाकर भाजपा सरकार के समय प्रस्तावित रेल लाईन जो कुछ निजी राजनीतिक हितलाभ को देखकर बनाए जाने को लेकर आमादा हो विधानसभा चुनाव होने को लेकर आचार संहिता लगने के पहले मंच की आवाज दबाने के उद्देश्य से आनन फानन में भूमि पूजन करा दिया गया उसके विरोध में रूट परिवर्तन की मांग को लेकर पंडरिया, पंडातराई, पोड़ी, बोड़ला ब्लाक के जागरुक नागरिक, सामाजिक संगठन, राजनीतिक दल के नेताओं और जन प्रतिनिधियों के सहयोग से 102 दिन आंदोलन ऐतिहासिक

रूप से चलाया गया। समिति ने दिल्ली के जन तर मंतर पर भी प्रदर्शन किया था। आंदोलन को समर्थन करने वाले नेताओं में प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री टीएस सिंहदेव, मोहम्मद अकबर, विधायक धर्मजित सिंह, विधायक ममता चंद्राकर, पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह सहित कई छोटे बड़े नेताओं का धरना स्थल में पहुंचे थे। वहीं भाजपा नेताओं को विरोध का सामना करना पड़ा। जिसका नतीजा यह हुआ कि विधानसभा चुनाव 2018 में बीजेपी दोनों विधानसभा हार गई। गतिरोध आज भी बना हुआ है।

रेलवे लाइन की मांग लंबे अरसे से हो रही

क्षेत्र में रेल लाइन की मांग लंबे अर्से से हो रही है। इस दौरान 4 से 5 बार सर्वे भी हो चुका है। कभी बिलासपुर से डोंगरगढ़ तो कभी कटघोरा से डोंगरगढ़, सर्वे के दौरान पंडरिया पांडातराई, पोड़ी, बोड़ला, कवर्धा से होकर गुजरती हुई रेल लाईन जा रही थी। इस लिए क्षेत्रीय जनता रूट परिवर्तन को अपनी अस्मिता से जोड़ लिए हैं। राज्य में पूर्व सरकार के समय रेल लाईन का जो सर्वे कबीरधाम जिले के लिए कराया गया था उसमे उन गांवों के नामों को शामिल किया गया जहां आबादी कम पंडरिया शहरी मुख्यालय से दूरी बहुत ज्यादा है। रेल्वे को आर्थिक लाभ भी नहीं के बराबर है। जिस रूट परिवर्तन की मांग हो रही है वहां घनी आबादी शहरी क्षेत्र कल कारखाने, लौह अयस्क खदान,धार्मिक पर्यटन स्थल रेल्वे को अधिक आर्थिक लाभ कच्चा माल, जिले की 70 से 80 फीसदी आबादी को फायदा मिलेगा।

कांग्रेस नेता भूल गए अपना वायदा

कांग्रेस द्वारा सत्ता परिवर्तन के साथ ही मांग पूरी करने की बात कही गई थी परन्तु कांग्रेस सरकार के भी करीब तीन साल बीत गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। यही कारण है कि एक बार फिर से जिले में रेल्वे संघर्ष समिति अपनी पुरानी मांग को लेकर 2 अक्टूबर को गांधी जयंती दिन मौन सत्याग्रह आंदोलन के बहाने मुखर हुई है। हालांकि सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार के समय प्रस्तावित रेल लाईन की गतिविधि को शिथिलकर ठंडे बस्ते में डाल दी है किन्तु आधिकारिक रूप से कोई ब्यान या आदेश जारी नहीं हुआ है। न ही विधानसभा में प्रस्ताव पास हुआ है। इसी आशंका को लेकर समिति ने राज्य सरकार के ध्यानाकर्षण में लाने के लिए गांधी जयंती के दिन एक दिवसीय मौन सत्याग्रह आंदोलन के बहाने मुख्यमंत्री, राज्यपाल, पीएम, रेल मंत्री के नाम रेल रूट परिवर्तन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

पुलिस को देख कार छोड़ भागा चालक

7 लाख रुपए गांजे के साथ देसी पिस्टल व गोली बरामद

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिले में छूरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गांजा से भरी एक कार जब्त की है, हालाकिं इस दौरान मौके का फायदा उठाकर ड्राइवर भागने में कामयाब हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

छूरा पुलिस ने एक सफेद रंग की सेंट्रो कार सीजी 04 एनजी 4134 जब्त की है। पुलिस के मुताबिक कार की जांच की गई जिसमें पांच प्लास्टिक बोरी में 44 पैकेट में कुल 73.370 किलो ग्राम गांजा मादक पदार्थ कीमती 7,37,700 रूपये का होना पाया गया। इसके अलावा गाड़ी के ड्राइवर सीट के बाजू वाली सीट के नीचे एक देशी पिस्टल, एक नग मैगजीन जिसमें चार नग जिंदा कारतूस बरामद किया है। इसे एक काले रंग के बैग के अंदर छिपाकर रखा गया था। जब्त सामान ओर गांजा की कुल कीमत 11,48,700 रुपये आंकी गयी है।

छूरा पुलिस को ओडिशा से एक सेंट्रो कार गांजा लेकर गरियाबंद जिले में प्रवेश होने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी सजंय पुंढीर ने मामले की जानकारी तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और फिर दिशा निर्देश मिलने पर एसआई श्रवण विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक टीम मुखबिर द्वारा बताये स्थान के लिए रवाना की। टीम ने कोसमी नवापारा चौक पर मुखबिर द्वारा बताई गाड़ी को रोकने की कौशिश की। पुलिस को देखकर चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर चालक की पतासाजी शुरू कर दी है।

धर्मांतरण पर रोक लगाने बीजेपी ने सौंपा ज्ञापन

खरोरा। भारतीय जनता पार्टी खरोरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र एवं आसपास के गांवों में धर्मांतरण होने का आरोप लगाकर इस पर रोक लगाने की मांग करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में भाजपाईयों ने बताया कि नगर और क्षेत्र के गरीब निर्धन परिवारों को प्रलोभन देकर व बहला फुसला कर धर्मान्तरण कराया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, नगर अध्यक्ष अनिल सोनी, विकाश ठाकुर, पार्षद तोरण ठाकुर, पार्षद कपिल नाशीने, युवा मोर्चा के अध्यक्ष आयुष वर्मा, पार्षद पुणेद्र पाध्यय, पार्षद पंचराम, जोगिंदर सलूजा, पूर्व पार्षद भरत पंसारी, सुबोध सेन, लोमश देवांगन, जयप्रकश वर्मा, लोमश देवांगन इत्यादि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पहले शुगरमिल की घोषणा, अब इनकार से सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे : योगेश तिवारी

जिले में कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना को लेकर गंभीर नही प्रदेश सरकार

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। पहले शुगरमिल स्थापना की घोषणा, अब इनकार से प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चुनाव के समय बड़े-बड़े दावे और वादे किए गए थे, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा डेयरी महाविद्यालय, फूड प्रोसेसिंग प्लांट, बाईपास के संबंध में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि बोलने को तैयार नहीं हैं। अभी भी मुख्यमंत्री की ओर से बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गई हैं। यह देखना होगा कि 2 अक्टूबर को किसान सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणाएं कब पूरी होती हैं, क्योंकि पूर्व में की गई घोषणाएं को लेकर अब तक कुछ नहीं किया गया हैं, उन्हें ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी कर ली गई हैं।

कृषि कार्य से ही मिल रहा रोजगार

किसानों को कृषि कार्य से ही रोजगार मिल रहा हैं। क्षेत्र के किसान प्रदूषण युक्त उद्योगों के स्थापना का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इसके लिए गांव गांव में किसान बैठक कर रहे हैं। बीते दिनों उद्योग स्थापना के लिए जनसुनवाई बुलाई गई थी लेकिन किसानों के विरोध को देखते हुए जन सुनवाई को स्थगित कर दिया गया। आने वाले दिनों में फिर से जनसुनवाई ना बुलाई जाए इसके लिए किसानों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा हैं। किसानों के विरोध के बावजूद जिले में उद्योग स्थापना की अनुमति दिए जाने से सरकार की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जिद पर अड़ी है प्रदेश सरकार

प्रदेश सरकार जिले में प्रदूषण युक्त उद्योगों की स्थापना को लेकर जिद पर अड़ी हुई हैं। इससे कृषि प्रधान बेमेतरा जिले में कृषि की बर्बादी तय हैं, इसलिए किसान जिले में प्रदूषण उद्योगों की स्थापना का विरोध कर रहे हैं। खासकर बेमेतरा विधानसभा के बेरला क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना को लेकर उद्योगपति सरकार से एमओयू कर रहे हैं और सरकार रोजगार के बहाने यहां उद्योग स्थापना की तैयारी कर रही हैं, जबकि किसान अपनी खेती कार्य से ही खुश हैं।

9 जुआरी गिरफ्तार, 77 हजार रुपए जब्त

कोरबा। जंगल में जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 77 हजार रुपए नकदी व 4 दुपहिया और तीन चारपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। जानकारी के मुताबिक पसान पुलिस को रानी अटारी के जंगल में जुए की फड़ चलने की सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया था कि कोरबा के साथ ही कोरिया और मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के करीब 35 जुआरी जुआ खेल रहे है जिसके आधार पर पुलिस की विशेष टीम और पसान पुलिस ने संयुक्त रुप से छापामार कार्रवाई की। जिसमें से 9 जुआरी पकड़ में आए जबकि बाकी भागने में सफल हो गए।

सेंचुरी सीमेंट स्कूल में मनाया गया गांधी जयंती

खरोरा। गांधी एवं शास्त्री जी के जयंती पर सेंचुरी सीमेंट स्कूल सीजी में विश्व अहिंसा दिवस के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रार्थना सभा में भजनामृत, गांधी जी के जीवन पर आधारित झांकियां व नृत्य नाटिका, अहिंसा दिवस थीम पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ सेंचुरी सीमेंट शिक्षण समिति व स्वयं सिद्धा महिला मंडली बैकुंठ के सभी उच्च अधिकारी व पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान एनसीसी के कैडेट और विद्यालय छात्रों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्कूल परिसर की साफ सफाई की।